भारत के राजपत्र असाधारण के भाग-I खंड-I में प्रकाशनार्थ

फा. संख्या 7/14/2024 - डीजीटीआर

भारत सरकार

वाणिज्य विभाग

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

व्यापार उपचार महानिदेशालय

चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

दिनांक: 12.11.2025

<u>अंतिम निष्कर्ष की अधिसूचना</u>

मामला संख्या एडी (एसएसआर) - 05/2024

विषय: यूरोपीय संघ और सऊदी अरब से टोल्यूइन डाइ-आइसोसाइनेट (टीडीआई) के आयात पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा के संबंध में जारी अंतिम निष्कर्ष।

फा. संख्या 7/14/2024 - डीजीटीआर - समय-समय पर यथा संशोधित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम 1975 (जिसे आगे "अधिनियम" भी कहा गया है) और समय-समय पर यथा संशोधित सीमा शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उनपर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली 1995 (जिसे आगे "नियमावली" भी कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए

क. निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें आगे "प्राधिकारी" कहा गया है) को गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (जिसे आगे "आवेदक" या "घरेलू उद्योग" कहा गया है) से एक आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें यूरोपीय संघ और सऊदी अरब (जिन्हें आगे "संबद्ध देश" कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित 'टोल्यूइन डाइ-

आइसोसाइनेट' (टीडीआई) (जिसे आगे "संबद्ध वस्तु" या "विचाराधीन उत्पाद" या "पीयूसी" कहा गया है) के आयात पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क के समय विस्तार और उसमें वृद्धि के लिए एक निर्णायक समीक्षा शुरू करने का अनुरोध किया गया था।

ख. आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रथम दृष्टया साक्ष्य के आधार पर, प्राधिकारी ने भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित अधिसूचना संख्या 7/14/2024-डीजीटीआर दिनांक 30 दिसंबर 2024 के माध्यम से एक सार्वजनिक सूचना जारी की, जिसके अनुसार संबद्ध जांच शुरू की गई। यह जाँच अधिनियम की धारा 9क (5) के साथ नियम 23 के अनुसार शुरू की गई थी ताकि इस बात की जॉच की जा सके कि क्या ऐसे शुल्क की समाप्ति से पाटन और घरेलू उद्योग को क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है और क्या पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने की आवश्यकता है।

क. <u>मामले की पृष्ठभूमि</u>

1. यूरोपीय संघ, सऊदी अरब, चीनी ताइपेई और संयुक्त अरब अमीरात से विचाराधीन उत्पाद के आयात के संबंध में मूल पाटनरोधी जाँच प्राधिकारी द्वारा 31 जनवरी 2020 को शुरू की गई थी। आवेदक के अनुरोध और विस्तृत प्रारंभिक जाँच के बाद, प्राधिकारी ने 4 सितंबर 2020 को अनंतिम पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की। इसके बाद, वित्त मंत्रालय ने 2 दिसंबर 2020 की सीमाशुल्क अधिसूचना संख्या 43/2020-सीमा शुल्क (एडीडी) के माध्यम से 6 महीने की अवधि के लिए अनंतिम शुल्क लगाया था।

2. विस्तृत जाँच के बाद, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि विचाराधीन उत्पाद के संबद्ध देशों से आयात से घरेलू उद्योग को क्षति हुई है और 28 जनवरी, 2021 के अंतिम जॉच परिणाम के माध्यम से प्रारंभिक जॉच परिणाम की पुष्टि की और 5 वर्षों की अवधि के लिए उपाय लागू करने की सिफ़ारिश की। वित्त मंत्रालय ने 27 अप्रैल 2021 की अधिसूचना संख्या 28/2021-सीमा शुल्क (एडीडी) के माध्यम से शुल्क लगाया था।

3. अधिनियम की धारा 9क (5) के अनुसार, लगाया गया कोई भी पाटनरोधी शुल्क, जब तक कि उसे पहले ही हटाया नहीं जाता, तो उसे लगाए जाने की तारीख से पाँच वर्ष की

समाप्ति पर निष्प्रभावी हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, नियमावली के नियम 23(1ख) में निम्नलिखित प्रावधान है:

"अधिनियम के अंतर्गत लगाया गया कोई भी निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क, उसके लागू होने की तारीख से अधिकतम पाँच वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा, बशर्ते कि निर्दिष्ट प्राधिकारी उस अवधि से पहले स्वयं की पहल पर या घरेलू उद्योग द्वारा या उसकी ओर से किए गए विधिवत साक्ष्यांकित अनुरोध पर, उस अवधि की समाप्ति से पूर्व उचित समयावधि के भीतर, इस निष्कर्ष पर न पहुँच जाए कि उक्त पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति से पाटन और घरेलू उद्योग को क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है।"

4. उपरोक्त के अनुसार, प्राधिकारी को घरेलू उद्योग द्वारा या उसकी ओर से किए गए विधिवत रुप से साक्ष्यांकित अनुरोध के आधार पर यह समीक्षा करनी होगी कि क्या मौजूदा पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति से पाटन और क्षति के जारी रहने या उनकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है।

5. वर्तमान समीक्षा का कार्यक्षेत्र अंतिम जॉच परिणाम संख्या 06/43/2019-डीजीटीआर दिनांक 28 जनवरी 2021, और अधिसूचना संख्या 28/2021-सीमा शुल्क (एडीडी) दिनांक 27 अप्रैल 2021 के सभी पहलुओं को शामिल करता है।

6. केंद्र सरकार ने अधिसूचना संख्या 28/2025-सीमाशुल्क (एडीडी) दिनांक 19 अगस्त, 2025 के माध्यम से यूरोपीय संघ और सऊदी अरब से टोल्यूइन डाइ-आइसोसाइनेट (टीडीआई) के आयात पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लागू रहने की अवधि बढ़ा दी है। उक्त शुल्क 1 मार्च, 2026 तक लागू रहेंगे। उपरोक्त के अनुसार, निर्दिष्ट प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तुओं के संबंध में निर्णायक समीक्षा जाँच पूरी करने की समय-सीमा को संशोधित किया है। अब यह जाँच 30 नवंबर, 2025 को या उससे पहले पूरी कर ली जाएगी।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

7. इस जाँच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन किया गया है:

i. नियमावली के नियम 5 के अनुसार, जाँच आरंभ करने से पहले, प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध देश के दूतावास को वर्तमान निर्णायक समीक्षा पाटनरोधी आवेदन प्राप्त होने की सूचना दी थी।

ii. नियमावली के नियम 6 के अनुसार, प्राधिकारी ने 30 दिसंबर 2024 को अधिसूचना संख्या 7/14/2024- डीजीटीआर जारी की, जिसे भारत के असाधारण राजपत्र में प्रकाशित किया गया, जिसके अंतर्गत संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद के आयातों के संबंध में निर्णायक समीक्षा पाटनरोधी जाँच की शुरूआत की गई।

iii. वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ जाँच की अवधि (पीओआई) 1 अप्रैल 2023 से 30 जून 2024 (15 महीने) की है। जाँच के लिए क्षति अवधि में 2020-21, 2021-22, 2022-23 और जाँच की अवधि शामिल होगी।

iv. क्षति अवधि के लिए संबद्ध वस्तुओं के सौदा-वार आयात आंकड़ों के लिए प्रणाली और आकड़ा प्रबंधन महानिदेशालय (डीजी सिस्टम) से अनुरोध किया गया था। प्राधिकारी को आंकड़े प्राप्त हुए और उन्होंने सौदों की उचित जांच के बाद आवश्यक विश्लेषण के लिए इन आंकड़ों पर भरोसा किया है।

v. नियमावली के नियम 6(2) के अनुसार, प्राधिकारी ने 30 दिसंबर 2024 की जॉच शुरूआत अधिसूचना की एक प्रति भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों, संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, भारत में ज्ञात आयातकों और प्रयोक्ताओं तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए ईमेल पतों के अनुसार भेजी।

vi. नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार, प्राधिकारी ने आवेदन के अगोपनीय अंश की एक प्रति ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों और भारत में संबद्ध देश के दूतावास को प्रदान की।

vii. भारत में संबद्ध देशों के दूतावास से यह भी अनुरोध किया गया कि वे अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह दें। दूतावासों को संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों के नाम और पते के साथ पत्र और प्रश्नावली की एक प्रति भेजी गई।

viii. नियम 6(4) के अनुसार, प्राधिकारी ने संबद्ध देशों में निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को निर्यातक प्रश्नावली भेजी:

क्र सं	संबद्ध देशों में उत्पादक/निर्यातकों के नाम।
1	बोरसोड केम ज़ेडआरटी, यूरोपीय संघ
2	बीएएसएफ श्वार्जहाइड जीएमबीएच, यूरोपीय संघ
3	बोर्सोडकेम ज़ेडआरटी कोवेस्ट्रो ड्यूशलैंड एजी, यूरोपीय संघ
4	डॉव केमिकल कंपनी, सऊदी अरब
5	सदारा केमिकल कंपनी, सऊदी अरब
6	एसएबीआईसी एशिया पैसिफिक प्राइवेट लिमिटेड, सऊदी अरब

ix. वर्तमान जांच में निम्नलिखित उत्पादकों और निर्यातकों ने पंजीकरण कराया है।

क्र सं	संबद्ध देश में उत्पादक/निर्यातकों का नाम।
1	बोर्सोडकेम ज़ेडआरटी, यूरोपीय संघ
2	कोवेस्ट्रो ड्यूशलैंड एजी, यूरोपीय संघ
3	सदारा केमिकल कंपनी, सऊदी अरब ('सदारा')

4	सऊदी बेसिक इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन ('सबीआईसी')
5	सबीआईसी एशिया पैसिफिक प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर ('एसएपीपीएल')
6	डॉव सऊदी अरब प्रोडक्ट मार्केटिंग बीवी ('डॉव मार्केटिंग')
7	डॉव केमिकल पैसिफिक सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड ('डॉव सिंगापुर')

x. नियम 6(4) के अनुसार, प्राधिकारी ने भारत में विचाराधीन उत्पाद के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए आयातक प्रश्नावली भेजी:

क्रसं	भारत में विचाराधीन उत्पाद के प्रयोक्ताओं/आयातकों के नाम
1	कोवेस्ट्रो (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
2	वानहुआ इंटरनेशनल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
3	मोका बिज़नेस प्राइवेट लिमिटेड
4	फ्लेक्सिपोल फोम्स प्राइवेट लिमिटेड
5	डॉव केमिकल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड
6	ड्यूरोफ्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड
7	प्राइम कम्फर्ट प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
8	शीला फोम लिमिटेड

xi. वर्तमान जांच में निम्नलिखित प्रयोक्ताओं/आयातकों ने पंजीकरण कराया है।

क्रसं	प्रयोक्ताओं और आयातकों के नाम
1	डॉव केमिकल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड ('डीसीआईपीएल')
2	वानहुआ इंटरनेशनल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (डब्ल्यूआईपीएल)
3	कोवेस्ट्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (सीआईपीएल)
4	शीला फोम लिमिटेड ('एसएफएल')

xii. प्राधिकारी ने निम्नलिखित एसोसिएशन को भी जॉच शुरूआत अधिसूचना की प्रतियां भेजीं और उनकी टिप्पणियां मांगीं:

क्रसं	संबद्ध देशों में उत्पादक/निर्यातकों का नाम .
1	इंडियन पालीयूरेथेन एसोसिएशन ('आईपीयूए')

xiii. उपरोक्त एसोसिएशन ने जॉच शुरूआत अधिसूचना का उत्तर दिया है और वर्तमान जाँच में भाग लिया है।

xiv. निर्धारित समय-सीमा के भीतर पंजीकरण कराने वाले सभी हितबद्ध पक्षकारों की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। सभी पंजीकृत हितबद्ध पक्षकारों को निर्देश दिया गया है कि वे वर्तमान जॉच में अपने सभी अनुरोधों का अगोपनीय अंश अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों के साथ परिचालित करें।

xv. प्राधिकारी ने सभी ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, आयातकों और घरेलू उद्योग को एक आर्थिक हित प्रश्नावली जारी की। आर्थिक हित प्रश्नावली को प्रशासनिक मंत्रालय के साथ भी साझा किया गया। निम्नलिखित हितबद्ध पक्षकारों द्वारा आर्थिक हित प्रश्नावली दायर की गई।

क्रसं	हितबद्ध पक्षकारों का नाम
1	सदारा केमिकल कंपनी, सऊदी अरब
2	सऊदी बेसिक इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन, सऊदी अरब (एसएबीआईसी) और एसएबीआईसी एशिया पैसिफिक प्राइवेट लिमिटेड (एसएपीपीएल)
3	कोवेस्ट्रो ड्यूशलैंड एजी
4	बोर्सोडकेम जेडआरटी
5	गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड

xvi. ऐसे विदेशी उत्पादकों, निर्यातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों जिन्होंने प्राधिकारी को कोई उत्तर नहीं दिया है, या इस जांच से संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है, उन्हें हितबद्ध पक्षकारों के साथ असहयोगी के रूप में माना गया है।

xvii. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुरोधों का अगोपनीय अंश उपलब्ध कराया। सभी हितबद्ध पक्षकारों की सूची डीजीटीआर की वेबसाइट पर अपलोड की गई, साथ ही उन सभी से अनुरोध किया गया कि वे अपने अनुरोधों का अगोपनीय अंश अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को ईमेल करें।

xviii. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को 13 जून 2025 को हाइब्रिड मोड में आयोजित एक सार्वजनिक सुनवाई में मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया। निर्दिष्ट प्राधिकारी में परिवर्तन के कारण, 29 जुलाई 2025 को दूसरी मौखिक सुनवाई आयोजित की गई। जिन पक्षकारों ने मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत किए, उनसे अनुरोध किया गया कि वे मौखिक रूप में व्यक्त किए गए विचारों के लिखित अनुरोध प्रस्तुत करें, उसके बाद यदि कोई हो, तो प्रत्युत्तर अनुरोध करें। पक्षकारों ने अपने अगोपनीय अनुरोध अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा किए और उन्हें अपने खंडन प्रस्तुत करने की सलाह दी गई।

xix. नियम 6(8) के अनुसार, जहाँ कहीं किसी हितबद्ध पक्षकारकार ने वर्तमान जॉच के दौरान आवश्यक सूचना देने से मना किया है या उसे समय पर उपलब्ध नहीं कराया है, या जाँच में अत्यधिक बाधा डाली है, तो प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जॉच परिणाम दर्ज किए हैं।

xx. नियम 7 के अनुसार, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना की गोपनीयता दावों की पर्याप्तता के संबंध में जाँच की गई। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहाँ कहीं आवश्यक हो, गोपनीयता के दावों को स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसका प्रकटन नहीं किया गया है। जहाँ तक संभव हो, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय अंश प्रदान करने का निर्देश दिया गया।

xxi. नियम 8 के अनुसार, प्राधिकारी ने जांच के दौरान घरेलू उद्योग और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदान की गई सूचना की सटीकता से स्वयं को संतुष्ट किया, जो इस प्रकटन विवरण का आधार हैं। सूचना का यथासंभव सत्यापन किया गया और घरेलू उद्योग तथा हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत आकड़ा दस्तावेजों का, संगत, व्यावहारिक और आवश्यक समझे जाने की सीमा तक सत्यापन किया गया।

xxii. नियम 8 के अनुसार, प्राधिकरण ने जाँच की प्रक्रिया के दौरान यह सुनिश्चित किया कि घरेलू उद्योग और हितबद्ध पक्षों द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी सटीक है, जो इस अंतिम निष्कर्ष का आधार बनती है। प्रस्तुत की गई जानकारी का यथासंभव सत्यापन किया गया और घरेलू उद्योग और हितबद्ध पक्षों द्वारा जमा किए गए आंकड़ों और दस्तावेजों की समीक्षा उन सीमाओं तक की गई, जिन्हें संबंधित, व्यवहारिक और आवश्यक माना गया।

xxiii. प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के लिए क्षति-रहित कीमत (एनआईपी) की गणना की ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम शुल्क घरेलू उद्योग को हो रही क्षति की भरपाई के लिए पर्याप्त होंगा। एनआईपी की गणना उत्पादन की इष्टतम लागत और भारत में घरेलू समान वस्तु के उत्पादन एवं बिक्री की लागत के

आधार पर, आवेदक द्वारा प्रदान की गई सूचना के आधार पर और सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (जीएएपी) को ध्यान में रखते हुए की गई है।

xxiv. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए सभी तर्कों और उपलब्ध कराई गई सूचनाओं पर, जहाँ तक वे साक्ष्यों द्वारा समर्थित हैं और वर्तमान जाँच के लिए संगत मानी जाती हैं, विचार किया है। प्राधिकारी प्रकटन विवरण के बाद हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यांकित दस्तावेजों की आगे जाँच करेंगे, जो अंतिम जॉच परिणाम के समय निष्कर्षों का आधार बनेंगे।

xxv. प्राधिकारी ने सभी आवश्यक तथ्यों वाला प्रकटीकरण विवरण 31 अक्टूबर 2025 को सभी हितबद्ध पक्षों को परिचालित किया। प्राधिकारी ने इन अंतिम निष्कर्षों में हितबद्ध पक्षों द्वारा की गई सभी प्रकटीकरण-पश्चात टिप्पणियों की, जहाँ तक प्रासंगिक समझा गया, जाँच की है। कोई भी निवेदन, जो केवल **पूर्व प्रस्तुतिकरण की पुनरावृत्ति** मात्र था, और जिसकी प्राधिकारी द्वारा पर्याप्त रूप से जाँच की गई थी, संक्षिप्तता के लिए दोहराया नहीं गया है।

xxvi. इस अंतिम निष्कर्ष में "***" चिह्न किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई और नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा गोपनीय मानी गई सूचना को दर्शाता है।

xxvii. प्राधिकारी द्वारा संबद्ध जाँच के लिए अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 83.82 रुपये है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

ग.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों का अनुरोध

8. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध प्रस्तुत किए हैं: -

i. घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद में बीएचटी सहित एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित स्तर से अधिक है।

ii. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित टीडीआई में ऐसे विनिर्देशन हैं जो अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों द्वारा प्रस्तुत और अंतरराष्ट्रीय मानकों पर स्वीकृत टीडीआई गुणवत्ता से निम्नतर हैं।

iii. घरेलू उद्योग पर्याप्त मात्रा में ओडीसीबी-मुक्त टीडीआई या बीएचटी-मुक्त टीडीआई का उत्पादन नहीं करता है। घरेलू उद्योग ने इन ग्रेडों का उत्पादन नहीं किया। उन्होंने हाल ही में अपने एक संयंत्र में इनका उत्पादन शुरू किया है, किंतु इनकी मात्रा मांग को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है।

iv. घरेलू उद्योग बीएचटी-मुक्त या ओडीसीबी-मुक्त टीडीआई जैसे विशिष्ट प्रकारों की संगतता को कम करके आंकने की कोशिश कर रहा है, और वह उनकी मांग को गैर-आवश्यक बता रहा है।

v. प्राधिकारी को यह मूल्यांकन करना होगा कि क्या घरेलू स्तर पर उत्पादित वस्तु आयातित उत्पाद से तुलनीय है, विशेष रूप से तब जब आयातित किस्म को तकनीकी और विनियामक मानकों को पूरा करना आवश्यक हो, जिन्हें घरेलू किस्म पूरा करने में विफल रहता है।

vi. भारत में बीएचटी-मुक्त टीडीआई का सीमित उत्पादन सीमित मांग का संकेत नहीं है, बल्कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रचालन संबंधी बाधाओं और वाणिज्यिक विकल्पों को प्रदर्शित करता है। यह तथ्य कि इसका निर्माण कम मात्रा में किया जाता है, यह दर्शाता है कि ऐसी मांग मौजूद है, किंतु पर्याप्त रूप से पूरी नहीं हो रही है।

vii. ओडीसीबी-मुक्त टीडीआई, जो आरईएसीएच-अनुपालक अनुप्रयोगों और कुछ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात के लिए आवश्यक है, घरेलू उद्योग द्वारा बिल्कुल भी निर्मित नहीं किया जाता है और इसे पूरी तरह से आयात करना पड़ता है।

ग.2. घरेलू उद्योग के अनुरोध

9. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के दायरे के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. वर्तमान जाँच में विचाराधीन उत्पाद का दायरा वही है जैसा मूल जाँच में परिभाषित किया गया था।

ii. उत्पाद में कोई प्रगति नहीं हुई है और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद आयातित उत्पाद के समान वस्तु बना हुआ है।

iii. घरेलू उद्योग ने बीएचटी और ओडीबीसी मुक्त टीडीआई का उत्पादन और आपूर्ति की है।

iv. प्राधिकारी ने चीन जनवादी गणराज्य, जापान और कोरिया गणराज्य से संबद्ध वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा में पहले ही यह सिद्ध कर दिया है कि बीएचटी मुक्त सामग्री की मांग बहुत कम है।

v. घरेलू उद्योग ने यह उत्पाद उन प्रयोक्ताओं को आपूर्ति किया है जिन्होंने इसे आईकिया को बेचा है, जो इसके सबसे बड़े प्रयोक्ताओं में से एक है। आईकिया ने स्वीकार किया है कि घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किया गया उत्पाद उनकी आवश्यकताओं को पूरा करता है।

vi. घरेलू उद्योग ने 60 देशों को निर्यात भी किया है। गुणवत्ता संबंधी कोई समस्या नहीं पाई गई है।

vii. विचाराधीन उत्पाद के लिए भारत में बीआईएस प्रमाणन अनिवार्य नहीं है। तथापि, घरेलू उद्योग ऐसा प्रमाणन प्राप्त करने वाला पहला उद्योग है।

viii. शीला फोम ने स्वयं घरेलू उद्योग से पर्याप्त मात्रा में संबद्ध वस्तु खरीदी हैं। वास्तव में, घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद की आपूर्ति स्पेन स्थित शीला फोम की एक सहयोगी इकाई को की है।

ग.3. प्राधिकारी द्वारा जाँच

10. वर्तमान जाँच एक निर्णायक समीक्षा जाँच है और विचाराधीन उत्पाद का दायरा मूल जाँच में परिभाषित दायरे के अनुसार ही बना रहेगा। मूल जाँच में यथा परिभाषित विचाराधीन उत्पाद नीचे पुन: प्रस्तुत किया गया है -

"9. वर्तमान जाँच में विचाराधीन उत्पाद टोल्यूइन डाइ-आइसोसाइनेट (टीडीआई) है, जिसमें आइसोमर की मात्रा 80:20 के अनुपात में है। वर्तमान जाँच में पीयूसी का दायरा टीडीआई तक सीमित है, जिसमें आइसोमर की मात्रा (80:20) के अनुपात में है और अन्य सभी ग्रेड विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर हैं। पीयूसी का उपयोग लचीले पॉलीयूरेथेन फोम, गद्दे, तकिए और रजाई आदि में किया जाता है।

10. प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद पर निम्नानुसार विचार किया है: - "वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद "टोल्यूइन डाइआइसोसाइनेट (टीडीआई) है जिसमें आइसोमर सामग्री 80:20 के अनुपात में है"। टोल्यूईन डाइ-आइसोसाइनेट (टीडीआई) एक कार्बनिक यौगिक है जिसका सूत्र सीएच3सी6एच3 (एनसीओ)2 है। छह संभावित आइसोमरों में से दो व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण हैं: 2,4-टीडीआई (सीएएस: 584-84-9) और 2,6-टीडीआई (सीएएस: 91-08-7)। 2,4-टीडीआई शुद्ध अवस्था में उत्पादित होता है, किंतु टीडीआई को अक्सर क्रमशः 2,4 और 2,6 आइसोमरों के 80/20 और 65/35 मिश्रण के रूप में विपणन किया जाता है। वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद ऐसे टीडीआई से संबंधित है जिसमें आइसोमर सामग्री (80:20) के अनुपात में है। अन्य सभी ग्रेड विचाराधीन उत्पाद के दायरे से बाहर हैं।

11. विचाराधीन उत्पाद एचएस कोड 2929 10 20 के अंतर्गत अध्याय शीर्षक 29 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और पीयूसी के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है।'"

11. प्राधिकारी ने उत्पाद की गुणवत्ता के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के तर्क का विश्लेषण किया है। घरेलू उद्योग ने साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं जो दर्शाते हैं कि विचाराधीन उत्पाद में प्रयुक्त एंटीऑक्सीडेंट निर्धारित सीमा के भीतर हैं और इसने गुणवत्ता के लिए बीआईएस

प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया है। घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद की आपूर्ति उपभोक्ताओं को बड़ी मात्रा में की है और 60 से अधिक देशों को उत्पाद का निर्यात किया है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने रिकॉर्ड में साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं जो दर्शाते हैं कि विचाराधीन उत्पाद की गुणवत्ता आयातित उत्पाद के समतुल्य है।

12. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि घरेलू उद्योग विचाराधीन ओडीबीसी-मुक्त उत्पाद का उत्पादन नहीं करता है, घरेलू उद्योग ने रिकॉर्ड में परीक्षण प्रति प्रस्तुत की है जो दर्शाती है कि विचाराधीन उत्पाद ओडीबीसी-मुक्त उत्पादित है। घरेलू उद्योग ने शीला फोम की एक संबंधित इकाई को यूरोपीय संघ में की गई आपूर्ति की प्रतियां भी प्रदान की हैं। अतः, प्राधिकारी का मानना है कि प्रयोक्ता उद्योग का तर्क सत्य नहीं है।

13. उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकरण विचाराधीन उत्पाद के उसी दायरे की पुष्टि करता है जैसा कि पहले अधिसूचित किया गया था। विचाराधीन उत्पाद है -

"टोल्यूइन डाइआइसोसाइनेट (टीडीआई) जिसमें आइसोमर मात्रा 80:20 के अनुपात में है"।

14. यह उत्पाद सीमा शुल्क कोड 29291020 के अंतर्गत अध्याय 29 के अंतर्गत वर्गीकृत है।

15. यह भी नोट किया जाता है कि सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और किसी भी तरह से संबद्ध जाँच के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है।

16. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, उत्पाद विनिर्देशनों, तकनीकी विनिर्देशनों, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, कार्यों और उपयोगों, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन, तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण के संदर्भ में संबद्ध देशों से आयातित वस्तुओं के समतुल्य हैं। ये दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से एक-दूसरे के स्थान पर उपयोग किए जा सकते हैं। तदनुसार, प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालने का प्रस्ताव करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद, नियमावली के नियम 2(घ) के अनुसार, संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद के 'समान वस्तु' है।

घ. <u>घरेलू उद्योग का दायरा और स्थिति</u>

घ. 1 अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए अनुरोध

17. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने घरेलू उद्योग के दायरे और स्थिति के संबंध में कोई अनुरोध नहीं किए हैं।

घ.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

18. घरेलू उद्योग ने घरेलू उद्योग के दायरे और स्थिति के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. घरेलू उद्योग विचाराधीन उत्पाद का एकमात्र उत्पादक है।

ii. घरेलू उद्योग ने संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं का आयात नहीं किया है और वह संबद्ध देशों में किसी निर्यातक या भारत में संबद्ध वस्तुओं के आयातक से संबंधित नहीं है।

iii. घरेलू उद्योग नियम 2(ख) की अपेक्षा को पूरा करता है, और आवेदन नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार स्थिति संबंधी अपेक्षा को पूरा करता है।

घ.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

19. प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान आवेदन गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। भारत में विचाराधीन उत्पाद का कोई अन्य उत्पादक नहीं है। गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड ने प्रमाणित किया है कि उसने विचाराधीन उत्पाद का आयात नहीं किया है। प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम के सौदा-वार आंकड़ों की जाँच की है और पाया है कि गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड द्वारा विचाराधीन उत्पाद का कोई आयात नहीं किया गया है।

20. नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग की परिभाषा इस प्रकार दी गई है:

"(ख) "घरेलू उद्योग" से तात्पर्य समग्र रूप से ऐसे घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे संबंधित किसी भी गतिविधि में संलग्न हैं या जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उस वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है, बशर्ते कि ऐसे उत्पादक कथित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित नहीं हों या स्वयं उसके आयातक नहीं हों, ऐसी स्थिति में 'घरेलू उद्योग' शब्द का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"

21. यह नोट किया जाता है कि आवेदक नियम 2(ख) के अर्थ के भीतर पात्र घरेलू उद्योग है, और आवेदन नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार पात्रता के मानदंडों को पूरा करता है।

ङ. <u>विविध अनुरोध और गोपनीयता संबंधी टिप्पणियाँ</u>

ङ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध

22. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित विविध अनुरोध किए हैं:

i. घरेलू उद्योग को विभिन्न देशों से आयातों के विरुद्ध एक विस्तारित अवधि में व्यापार सुधारात्मक उपायों के माध्यम से पर्याप्त संरक्षण प्राप्त हुआ है।

ii. घरेलू उद्योग द्वारा रिपोर्ट की गई आयात मात्रा चीन, जापान और कोरिया से पिछली जाँच में रिपोर्ट की गई मात्रा के अनुरूप नहीं है।

iii. घरेलू उद्योग ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 के विपरीत, आरंभिक और अंतिम स्टॉक के लिए सूचीबद्ध आंकड़ों को गोपनीय बताया है।

iv. घरेलू उद्योग ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दायर प्रश्नावली के उत्तरों में दावा की गई अत्यधिक गोपनीयता के संबंध में निराधार आरोप लगाए हैं।

v. प्रयोक्ता द्वारा अनुबंध 1 के रुझानों में आंकड़े उपलब्ध नहीं कराने पर घरेलू उद्योग की आपत्ति का कोई कानूनी या तार्किक आधार नहीं है। पीयूसी का उपयोग करने वाले अंतिम उत्पादों का कुल लागत विवरण लागू नहीं है क्योंकि जानकारी केवल जाँच की अवधि से संबंधित है।

vi. घरेलू उद्योग का यह दावा कि डाउनस्ट्रीम उद्योग ने व्यापक चरण-वार उत्पादन प्रक्रिया का खुलासा नहीं किया है, स्वाभाविक रूप से विरोधाभासी है, क्योंकि घरेलू उद्योग ने स्वयं चरण-वार उत्पादन प्रक्रिया का कोई विवरण नहीं बताया है।

vii. व्यापार सूचना संख्या 10/2018 में उत्पाद सूची या ब्रोशर प्रस्तुत करना अपेक्षित नहीं है।

ड़.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

23. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं।

i. विभिन्न स्रोतों से पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग ने व्यापार सुधारात्मक उपायों का सहारा लिया है।

ii. एक स्रोत से दूसरे स्रोत में पाटन के स्थानांतरण ने घरेलू उद्योग को उचित लाभ के साथ यथोचित लंबी अवधि तक प्रचालन करने का अवसर नहीं दिया है। घरेलू उद्योग अभी भी पाटन के प्रति संवेदनशील है।

iii. व्यापार सूचना 10/2018 में आरंभिक या अंतिम सूची के प्रकटन की आवश्यकता नहीं है। व्यापार सूचना में केवल औसत सूची के प्रकटन की आवश्यकता है।

iv. संबद्ध देशों के उत्पादकों और निर्यातकों तथा आयातकों और प्रयोक्ताओं ने अत्यधिक और अनुचित गोपनीयता का दावा किया है, जिसने घरेलू उद्योग को कोई भी सार्थक टिप्पणी करने से अवरूद्ध किया है।

v. सदारा समूह ने निर्यातक प्रश्नावली प्रतिक्रिया के अपने अगोपनीय संस्करण में प्रदर्श क-5, परिशिष्ट-2, परिशिष्ट-3ख, परिशिष्ट-4क, भारत में निर्यात में शामिल संबंधित पक्षों पर विवरण और व्यापक विनिर्माण प्रक्रिया में सूचना के रुझान प्रदान नहीं किए हैं। सदारा द्वारा दायर प्रतिक्रिया के भाग II में स्थापित क्षमता, उत्पादन मात्रा- पीयूसी, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा पर रुझान प्रदान नहीं किए गए हैं।

vi. सदारा केमिकल कंपनी के एक उपयोगकर्ता और संबंधित आयातक, डॉव केमिकल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड ने अनुबंध 1, अनुबंध 2, अनुबंध 3 और अनुबंध 5 में

सूचना के रुझान प्रदान नहीं किए हैं। उत्पादन प्रक्रिया पर विवरण का सारांश भी प्रदान नहीं किया गया है।

vii. एसएपीपीएल ने परिशिष्ट 2, परिशिष्ट 3क और परिशिष्ट 1क में सूचना के रुझान प्रदान नहीं किए हैं। जबकि एसएबीआईसी ने परिशिष्ट 2, परिशिष्ट 3ख और परिशिष्ट 1क में सूचना के रुझान प्रदान नहीं किए हैं।

viii. कोवेस्ट्रो ड्यूशलैंड एजी ने परिशिष्ट 3क और परिशिष्ट 4क में सूचना के रुझान प्रदान नहीं किए हैं। उत्पादन प्रक्रिया संबंधी ब्योरे का सारांश भी प्रदान नहीं किया गया है।

ix. कोवेस्ट्रो ड्यूशलैंड एजी के प्रयोक्ता और संबंधित आयातक कोवेस्ट्रो (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने अनुबंध 1, अनुबंध 2, अनुबंध 3 और अनुबंध 5 में सूचना के रुझान प्रदान नहीं किए हैं।

x. बोरसोडकेम जेडआरटी ने परिशिष्ट 3क, परिशिष्ट 4क और परिशिष्ट 13 में सूचना के रुझान उपलब्ध नहीं कराए हैं। निर्यातक ने उत्पाद सूची और ब्रोशर तथा व्यापक चरणवार विनिर्माण प्रक्रिया संबंधी विवरण भी उपलब्ध नहीं कराया है।

xi. रिकार्ड में उपलब्ध सूचना से यह सिद्ध होता है कि संबद्ध देशों से पाटन में वृद्धि हुई है और घरेलू उद्योग को लगातार क्षति हुई है। शुल्कों में वृद्धि की आवश्यकता है।

इ.3 प्राधिकारी द्वारा जाँच

24. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग को पाटनरोधी शुल्क से पर्याप्त संरक्षण प्राप्त है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क अपने आप में कोई संरक्षण नहीं है। पाटनरोधी शुल्क क्षतिकारी पाटन से निपटने का एक उपाय है। वर्तमान जाँच, संबद्ध देशों के लिए पहली निर्णायक समीक्षा जाँच है। पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिशें प्राधिकारी द्वारा जाँच के बाद और अपेक्षित कानूनी आवश्यकताओं की पूर्ण पूर्ति के बाद ही की जाती हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटन एक अनुचित व्यापार व्यवहार है और यदि इससे घरेलू उद्योग को क्षति हो रही है या होने की संभावना है, तो इसका समाधान किया जाना चाहिए। विदेशी उत्पादकों/निर्यातकों की अनुचित व्यापार प्रथाओं से घरेलू उद्योग कितनी बार निवारण मांग सकता है, इस पर कोई प्रतिबंध नहीं है और न ही

पाटनरोधी शुल्क लगाने की संख्या पर कोई प्रतिबंध है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि अधिनियम की धारा 9(क)(5) और नियमावली के नियम 23 के अनुसार, शुल्क के लागू रहने की अधिकतम अवधि पर कोई प्रतिबंध नहीं है। शुल्कों के विस्तार के लिए आवश्यक एकमात्र शर्त यह है कि क्या ऐसे शुल्क की समाप्ति से पाटन के जारी रहने या पुनरावृत्ति होने और परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना है। पाटन और क्षति की संभावना का प्रतिरोध करने के लिए पाटनरोधी शुल्क को आवश्यकतानुसार अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, यदि शुल्क जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है, तो पाटनरोधी शुल्क को हटाया जा सकता है, चाहे शुल्क कितनी भी अवधि के लिए लागू रहा हो।

25. वर्तमान मामले में आवेदक ने पाटन के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने तथा इसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को हुई क्षति का दावा करते हुए आवेदन दायर किया है। नियम 23 (1ख) के अंतर्गत प्रावधान के अनुसार, एक समीक्षा शुरू की गई है और प्राधिकारी यह निर्धारित करेंगे कि क्या पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में पाटन और क्षति की पुनरावृत्ति जारी रहने की संभावना है।

26. जहां तक इस अनुरोध का संबंध है कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत आयात आंकड़े अविश्वसनीय हैं, प्राधिकारी ने आयातों की मात्रा और कीमत की जांच के लिए डीजी सिस्टम्स के सौदा-वार आयात आंकड़ों पर भरोसा किया है।

27. सूचना की गोपनीयता के अनुरोध के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना की गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई थी। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने गोपनीयता के दावों को, जहाँ भी आवश्यक हो, स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसका प्रकटन नहीं किया गया है। जहां तक संभव हो, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय अंश प्रदान करने का निर्देश दिया गया था। प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों का अगोपनीय अंश सार्वजनिक फ़ाइल के रूप में उपलब्ध कराया है। घरेलू उद्योग के आयात, निष्पादन

मानदंडों और क्षति मानदंडों से संबंधित जानकारी सार्वजनिक फ़ाइल में उपलब्ध करा दी गई है। व्यापार-संवेदनशील जानकारी को परिपाटी के अनुसार गोपनीय रखा गया है।

च. <u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण</u>

च.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

28. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं

i. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत आयात आँकड़े अविश्वसनीय हैं क्योंकि सूचित की गई निर्यात कीमत कम बताई गई है और रिपोर्ट की गई आयात मात्रा पिछली जाँचों में रिपोर्ट की गई मात्रा के अनुरूप नहीं है।

ii. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर में रिपोर्ट की गई औसत निर्यात कीमत आवेदन में अनुमानित कीमत से काफी अधिक है।

iii. घरेलू उद्योग द्वारा रिपोर्ट किए गए आयात आँकड़ों की सत्यता की जाँच प्राधिकारी द्वारा की जानी चाहिए।

iv. पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन के निर्धारण के लिए, प्राधिकारी को निर्यातक द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पहुँच कीमत पर भरोसा करना चाहिए।

v. प्रतिवादी निर्यातकों ने भारत को निर्यात कीमत और घरेलू बाजार में पुनर्विक्रय कीमत के संबंध में पूरी जानकारी प्रदान की है।

vi. निर्णायक समीक्षा जांच में, यदि पाटन और घरेलू उद्योग को क्षति जारी रहती है या इसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना होती है, तो मौजूदा पाटनरोधी शुल्क को जारी रखना प्राधिकारी की संगत प्रक्रिया रही है।

vii. यदि प्राधिकारी को लगता है कि वर्तमान निर्णायक समीक्षा में पाटनरोधी शुल्क को संशोधित किया जाना चाहिए, तो प्रतिवादियों के लिए पाटनरोधी शुल्क की अलग-अलग दर पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन पर आधारित होनी चाहिए।

viii. भारत को निर्यात एसएबीआईसी समूह के माध्यम से किया जाता है और स्वतंत्र एवं असंबंधित भारतीय आयातकों को बेचा जाता है और डीसीआईपीएल ने जांच अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के व्यापार या पुन: बिक्री गतिविधि में भाग नहीं लिया है।

ix. आवेदन में सऊदी अरब से निर्यात के लिए पहुँच कीमत गलत है और वास्तविक सौदा मूल्यों को प्रदर्शित नहीं करता है।

x. घरेलू उद्योग द्वारा सूचित पहुँच कीमत असामान्य रूप से कम है और वास्तविक बाजार स्थितियों का प्रतिनिधित्व नहीं करती है।

xi. भारत में सीमाशुल्क को सूचित आयात कीमत के बारे में घरेलू उद्योग का यह आरोप वास्तविक आयात कीमत नहीं है जिस पर उत्पाद भारतीय बाजार में बेचा जाता है, जहां तक एसएबीआईसी और एसएपीपीएल का संबंध है, पूरी तरह से गलत है।

xii. घरेलू उद्योग द्वारा आवेदन में बताए गए आयात आंकड़ों में भारी संशोधन किया गया है।

xiii. यह तर्क कि मूल जांच से पाटन मार्जिन में वृद्धि हुई है, आयात आंकड़ों पर आधारित है जो स्पष्ट रूप से अविश्वसनीय है।

xiv. प्रतिवादियों के लिए पाटन मार्जिन में वृद्धि के बारे में घरेलू उद्योग का दावा एक निर्णायक समीक्षा जांच में बोरसोड के लिए अलग दर निर्धारित करने के लिए सार्थक नहीं है।

xv. घरेलू उद्योग का यह दावा कि सदारा ने तीसरे देशों के निर्यात विवरण प्रदान नहीं किए हैं, गलत है। सदारा ने पहले ही कहा है कि उसने तीसरे देशों को निर्यात के लिए एसएबीआईसी और डाव को बिक्री की है।

xvi. जब संबंधित आयातक/प्रयोक्ता द्वारा आयातित वस्तु का पुनर्विक्रय नहीं किया जाता है, तो निर्यात कीमत के पुनर्निर्माण के लिए कोई नियम नहीं बनाए गए हैं। प्राधिकारी ने संबंधित आयातक/प्रयोक्ता को वास्तविक निर्यात कीमत को भी सतत रूप से स्वीकार किया है।

xvii. निर्यात कीमत सीमाशुल्क कानून और आयकर कानून के अंतर्गत अनेक जाँचों और संतुलनों से गुजरती है। विशेष मूल्यांकन शाखा आयातक और संबंधित विदेशी आपूर्तिकर्ता के बीच लेनदेन की जाँच करती है। इसलिए, भारत को कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी की निर्यात कीमत पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है।

xviii. प्रतिवादियों को स्थानांतरण कीमत निर्धारण विनियमन का भी पालन करना आवश्यक है, जो संबंधित पक्षकारों के बीच लेनदेन के मामले में उचित कीमत के आकलन का प्रावधान करता है।

xix. जर्मनी से कोवेस्ट्रो की आयात कीमत 2022-23 से वर्ष दर वर्ष बढ़ी है। फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद, ऊर्जा की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, और इसका प्रभाव जर्मनी ने बिक्री लागत में वृद्धि के रूप में महसूस किया।

xx. अक्टूबर 2023 से शुरू हुए लाल सागर संकट के कारण जाँच अवधि में माल ढुलाई लागत में वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप जाँच अवधि में जर्मनी से आयात कीमतों में और वृद्धि हुई है।

xxi. जाँच अवधि के दौरान निर्यात बिक्री की लागत *** यूरो प्रति मीट्रिक टन रही है और जाँच अवधि के दौरान इसकी निर्यात कीमत *** यूरो प्रति मीट्रिक टन रही है। इससे पता चलता है कि भारत में कोवेस्ट्रो की निर्यात कीमत उचित और दूरस्थ आधार पर की गई है।

xxii. जाँच अवधि के बाद की अवधि में भी कोवेस्ट्रो की निर्यात कीमत अधिक बनी हुई है।

xxiii. जर्मनी से कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी से आयात कीमत, जाँच अवधि 2022-23 में और जाँच अवधि के बाद की अवधि में भी कोवेस्ट्रो चीन से आयात कीमत से अधिक था। प्रतिवादियों द्वारा लंबी अवधि के लिए कृत्रिम रूप से इतनी ऊँची कीमत बनाए रखना और भारत में आयात पर उच्च सीमा शुल्क देयता वहन करना युक्तियुक्त नहीं होगा।

xxiv. यह दावा कि पाटनरोधी नियमावली, निर्णायक समीक्षा में शुल्क में संशोधन और वृद्धि की अनुमति देती हैं, गलत है और जाँच के केवल दो ही परिणाम हो सकते हैं, या तो समाप्ति या जारी रहना।

च.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

29. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं।

i. संबद्ध देशों से पाटन जारी रहा है। वर्तमान जाँच में पाटन मार्जिन मूल जाँच में निर्धारित पाटन मार्जिन से अधिक रहा है।

ii. यदि पाटन मार्जिन उस कीमत के अनुसार निर्धारित किया जाता है जिस पर संबंधित कंपनियों ने भारतीय बाजार में बिक्री की है, तो पाटन मार्जिन कहीं अधिक हो जाएगा।

iii. यह दावा कि कोवेस्ट्रो डॉयचेलैंड एजी द्वारा कोवेस्ट्रो (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को निर्यात किए गए उत्पाद को भारतीय बाजार में पुनर्विक्रय नहीं किया गया है, साक्ष्य प्रस्तुत करके सिद्ध किया जाना चाहिए।

iv. बोरसोड के लिए, आयात कीमत वह वास्तविक कीमत नहीं है जिस पर आयातित उत्पाद घरेलू बाजार में बेचा गया है, और जाँच अवधि में आयात की मात्रा और कीमत में काफी उतार-चढ़ाव आया है।

v. संबद्ध देशों के सभी निर्यातकों के संबंधित आयातक हैं, जो बाद में घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तु बेचते हैं। उपभोक्ताओं के साथ बातचीत के आधार पर, घरेलू उद्योग को पता है कि भारतीय बाजार में संबद्ध वस्तु इन संबंधित संस्थाओं द्वारा उस कीमत पर बेची जा रही है जो सीमा शुल्क को बताई गई कीमत से काफी कम है। ये संबंधित कंपनियॉ उत्पाद को भारी घाटे पर बेच रही हैं।

vi. सीमा शुल्क को घोषित आयात कीमत वह वास्तविक कीमत नहीं है जिस पर उत्पाद घरेलू बाजार में बेचा जा रहा है।

vii. घरेलू उद्योग घाटे पर बिक्री करने के लिए केवल इसलिए बाध्य है क्योंकि संबंधित कंपनियॉ संबद्ध वस्तु को बहुत कम कीमतों पर बेच रही हैं।

viii. चीन जन. गण., जापान और कोरिया गणराज्य से समान उत्पाद के आयात से संबंधित पाटनरोधी जाँच में, प्राधिकारी ने यह अवलोकन किया था कि वानहुआ केमिकल ग्रुप कंपनी के संबंधित आयातक ने भारत में घाटे पर बिक्री की थी।

ix. इसी प्रकार, प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद पर की गई मूल जाँच में पाया था कि सदारा केमिकल्स के संबंधित आयातक को भारत में संबद्ध वस्तुओं की बिक्री पर घाटा हुआ था।

x. पाटनरोधी नियमावली के अनुसार, जब निर्यातक और आयातक के बीच किसी संबंध के कारण निर्यात कीमत प्रभावित होती है, तो निर्यात कीमत की गणना करना आवश्यक होता है। जिस कीमत पर निर्यातक ने संबंधित आयातक को उत्पाद बेचा है, उस पर विचार नहीं किया जा सकता है।

xi. जिस कीमत पर कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी ने मेसर्स कोवेस्ट्रो (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को उत्पाद बेचा है, उसे शुद्ध निर्यात कीमत की गणना के लिए नहीं माना जा सकता। चीन जनवादी गणराज्य से संबद्ध वस्तुओं की पुन: बिक्री कीमत पर निवल निर्यात कीमत की गणना के लिए विचार किया जा सकता है।

xii. जिस कीमत पर कोवेस्ट्रो (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने भारतीय बाजार में उत्पाद बेचा है, उसे कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी से आयात के संबंध में निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए ध्यान में रखा जाना चाहिए।

च.3 प्राधिकारी द्वारा जाँच

30. धारा 9क (1) (ग) के अंतर्गत, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का अर्थ है:

(i) *व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम* (6) *के अंतर्गत बनाए गए नियमावली के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा*

(ii) *जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की*

स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा:

(क) *समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा* (6) *के अंतर्गत बनाए गए नियमावली के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा*

उपधारा (6) *के अंतर्गत बनाए गए नियमावली के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उदगम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत:*

ख) परंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल स्थानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उदगम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

31. प्राधिकारी ने संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को प्रश्नावली भेजी, जिसमें उन्हें प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र और तरीके से जानकारी प्रदान करने का परामर्श दिया गया। संबद्ध देशों के निम्नलिखित उत्पादकों और निर्यातकों ने, भारत में अपनी संबंधित कंपनियों के साथ, निर्धारित प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए हैं।

i. मेसर्स बोरसोडेकेमजेडआरटी, हंगरी, यूरोपीय संघ

ii. मेसर्स कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी, जर्मनी, यूरोपीय संघ

iii. मेसर्स सदारा केमिकल कंपनी, सऊदी अरब

iv. मेसर्स डॉव सऊदी अरब प्रोडक्ट मार्केटिंग बी.वी.

v. मेसर्स डॉव केमिकल पैसिफिक (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड

vi. मेसर्स सऊदी बेसिक इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन, सऊदी अरब (एसएबीआईसी)

vii. मेसर्स एसएबीआईसी एशिया पैसिफिक प्राइवेट लिमिटेड (एसएपीपीएल)

32. संबद्ध देशों के सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमतें नीचे पैरा 59 में निर्धारित की गई हैं:

यूरोपीय संघ

i. मेसर्स बोरसोड केमज़र्ट

33. मेसर्स बोरसोड केमज़र्ट ("बोरसोड") हंगरी के कानून के अंतर्गत स्थापित एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है, जो शेयरों द्वारा लिमिटेड है। निर्यातक के प्रश्नावली के उत्तर से यह पता चलता है कि घरेलू बाजार में, बोरसोड ने संबंधित और असंबंधित दोनों तरह के उपभोक्ताओं को बिक्री की है। असंबद्ध उपभोक्ताओं को संबंधित पक्षकार की बिक्री की जानकारी प्रदान की गई है। भारत को निर्यात के लिए, बोरसोड ने संबद्ध वस्तु केवल अपने संबंधित पक्षकारों, अर्थात् वानहुआ इंटरनेशनल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को बेची हैं, जिसने भारतीय बाजार में वस्तुओं की पुन: बिक्री की है।

- **सामान्य मूल्य**

34. बोरसोड केमज़र्ट ने आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत कर दिया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच की अवधि के दौरान, बोरसोडकेमजेडआरटी ने घरेलू बाजार में असंबंधित ग्राहकों को सीधे यूरो के चालान मूल्य पर ***मीट्रिक टन संबद्ध वस्तुएँ ***/मीट्रिक टन बेची हैं। बोरसोड केमज़र्ट ने भी अपनी संबंधित कंपनी, वानहुआ बोरसोडकेम इटालिया एस.आर.एल., इटली के माध्यम से यूरो ***/एमटी के इनवॉइस मूल्य पर विषयगत वस्तुओं की ***एमटी बिक्री की है। बोरसोड केमज़र्ट ने असंबंधित उपभोक्ताओं को घरेलू बाजार में की गई बिक्री का विवरण, अपने संबंधित पक्षकार को घरेलू बाजार में की गई बिक्री का विवरण और स्वतंत्र

उपभोक्ताओं को संबंधित पक्षकार की पुन: बिक्री कीमत का विवरण प्रदान किया है। यह नोट किया जाता है कि घरेलू बाजार में घरेलू बिक्री पर्याप्त मात्रा में है।

35. सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए, प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तुओं की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री सौदों का निर्धारण करने हेतु व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण किया। यदि लाभ कमाने वाले सौदे 80% से अधिक हैं, तो प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए घरेलू बाजार में सभी सौदों पर विचार किया है। जहाँ लाभदायक सौदे 80% से कम हैं, वहाँ सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए केवल लाभदायक घरेलू बिक्री को ही ध्यान में रखा गया है। व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण के आधार पर, सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु लाभप्रद बिक्री को ध्यान में रखा गया है, क्योंकि लाभप्रद बिक्री 80% से कम थी।

36. बोरसोड केमज़र्ट ने बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, ऋण लागत, पैकिंग लागत और अन्य संबंधित खर्चों के लिए समायोजन का दावा किया है। प्राधिकारी ने डेस्क सत्यापन के बाद दावा किए गए समायोजनों को अनुमति दी है और तदनुसार कारखाना-द्वार स्तर पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया है। इस प्रकार निर्धारित कारखाना-द्वार सामान्य मूल्य का उल्लेख पैरा 59 में पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

- **<u>निर्यात कीमत</u>**

37. जांच अवधि के दौरान, बोरसोड केमज़र्ट ने संबद्ध वस्तुओं का निर्यात अपनी भारतीय संबद्ध कंपनी, वान्हुआ इंटरनेशनल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को किया है, जिसने बाद में संबद्ध वस्तुओं की भारत में असंबंधित उपभोक्ताओं को पुन: बिक्री की है। बोरसोड केमज़र्ट और वान्हुआ इंटरनेशनल (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने आवश्यक प्रारूपों में संगत जानकारी प्रदान की है।

38. संबंधित भारतीय आयातक द्वारा प्रस्तुत उत्तर से यह नोट किया गया है कि बोरसोडकेम ज़ेडआरटी से आयातित संबद्ध वस्तु को जांच अवधि के दौरान भारतीय बाजार में घाटे पर पुन: बेचा गया था। तदनुसार, प्राधिकारी ने निवल निर्यात की गणना करने के लिए संबंधित आयातक को हुई हानि के लिए उचित समायोजन किया है। बोरसोड केम

ज़ेडआरटी ने समुद्री मालभाड़ा, अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन व्यय, बीमा, ऋण लागत और पैकिंग व्यय के लिए समायोजन का दावा किया है और प्राधिकारी द्वारा उचित सत्यापन के बाद इन्हें अनुमति दी गई है। निर्धारित कारखाना-द्वार निर्यात कीमत पैरा 59 में पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

ii. <u>मेसर्स कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी</u>

39. मेसर्स कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी ("कोवेस्ट्रो जर्मनी") जर्मन कंपनी कानूनों के अंतर्गत पंजीकृत और स्थापित एक स्टॉक कॉर्पोरेशन कंपनी है। निर्यातक के प्रश्नावली उत्तर से यह नोट किया गया है कि घरेलू बाजार में, कोवेस्ट्रो जर्मनी ने कोवेस्ट्रो इंटरनेशनल एसए और कोवेस्ट्रो एस.आर.एल. को बिक्री की है। असंबद्ध उपभोक्ताओं को संबंधित पक्षकार द्वारा की गई बिक्री के बारे में जानकारी प्रदान की गई है। भारत को निर्यात के लिए, कोवेस्ट्रो जर्मनी ने संबद्ध वस्तुएँ केवल अपने संबंधित पक्षकारों अर्थात् कोवेस्ट्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को ही बेची हैं। कोवेस्ट्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आयातित उत्पाद का उपभोग आबद्ध प्रयोजन के लिए किया है। भारत में किसी भी असंबद्ध पक्षकार को कोई बिक्री नहीं की गई है।

- **<u>सामान्य मूल्य</u>**

40. कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी ने आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच की अवधि के दौरान, कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी ने संबद्ध वस्तुएँ घरेलू बाजार में असंबद्ध उपभोक्ताओं को सीधे और संबंधित कंपनियों के माध्यम से भी बेची हैं। कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी ने असंबद्ध उपभोक्ताओं को घरेलू बाजार में की गई बिक्री का विवरण, अपने संबंधित पक्षकारों को घरेलू बाजार में की गई बिक्री का विवरण और स्वतंत्र उपभोक्ताओं को संबंधित पक्षकारों की पुन: बिक्री कीमत का विवरण प्रदान किया है। यह नोट किया जाता है कि घरेलू बाजार में घरेलू बिक्री पर्याप्त मात्रा में है।

41. सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए, प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तुओं की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री सौदों का निर्धारण करने हेतु व्यापार की

सामान्य प्रक्रिया परीक्षण किया। यदि लाभ कमाने वाले सौदे 80% से अधिक हैं, तो प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए घरेलू बाजार में सभी सौदों पर विचार किया है। जहाँ लाभदायक सौदे 80% से कम हैं, वहाँ सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए केवल लाभदायक घरेलू बिक्री को ही ध्यान में रखा गया है। व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण के आधार पर, सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु लाभप्रद बिक्री को ध्यान में रखा गया है, क्योंकि लाभप्रद बिक्री 80% से कम थी।

42. कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी ने बीमा, परिवहन, ऋण लागत और पैकिंग लागत के कारण समायोजन का दावा किया है। प्राधिकारी ने दावा किए गए और सत्यापन के अनुसार समायोजन की अनुमति दी है और तदनुसार कारखाना-द्वार स्तर पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया है। इस प्रकार निर्धारित कारखाना-द्वार सामान्य मूल्य का उल्लेख पैरा 59 में पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

- **<u>निर्यात कीमत</u>**

43. जांच अवधि के दौरान, कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी ने संबद्ध वस्तुओं का निर्यात अपनी भारतीय संबद्ध इकाई, कोवेस्ट्रो (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को किया है, जिसने भारत में कीमत वर्धित उत्पादों के निर्माण हेतु संबद्ध वस्तुओं का उपभोग किया है। कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी और कोवेस्ट्रो (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने अपेक्षित प्रारूपों में संगत जानकारी प्रदान की है।

44. कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी ने समुद्री भाड़ा, अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन संबंधी व्यय, बीमा, ऋण लागत और पैकिंग व्यय (जहाँ भी लागू हो) के लिए समायोजन का दावा किया है और प्राधिकारी द्वारा डेस्क सत्यापन के बाद इनकी अनुमति दी गई है। निर्धारित कारखाना-द्वार निर्यात कीमत पैरा 59 में पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

iii. <u>असहयोगी उत्पादक/निर्यातक</u>

45. यूरोपीय संघ के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत, सहयोगी निर्यातकों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर विचार

करते हुए उपलब्ध तथ्यों के अनुसार निर्धारित की गई हैं और इसका उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका के पैरा 59 में किया गया है।

<u>सऊदी अरब</u>

46. संबद्ध जाँच की शुरूआत के उत्तर में, सऊदी अरब के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है: -

क. मेसर्स सदारा केमिकल कंपनी, सऊदी अरब
ख. मेसर्स डाउ सऊदी अरबिया प्रोडक्ट मार्केटिंग बी.वी.
ग. मेसर्स डाउ केमिकल पैसिफिक (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड
घ. मेसर्स सऊदी बेसिक इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन, सऊदी अरब (एसएबीआईसी)
ङ. एसएबीआईसी एशिया पैसिफिक प्राइवेट लिमिटेड (एसएपीपीएल)

47. डाउ केमिकल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड ('डीसीआईपीएल') ने भी आयातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है।

48. तदनुसार, प्राधिकारी संबद्ध देश के विभिन्न उत्पादकों/निर्यातकों के संबंध में सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण पैरा 59 में निम्नानुसार करने का प्रस्ताव करते हैं:

- **<u>सामान्य मूल्य</u>**

49. एसएबीआईसी और सदारा संबंधित कंपनियाँ हैं। सदारा का एसएबीआईसी के साथ एक विपणन समझौता है, जिसके अंतर्गत एसएबीआईसी, सदारा द्वारा उत्पादित वस्तुओं को घरेलू बाजार में बेचता है। एसएबीआईसी, संबद्ध वस्तुओं की बिक्री के लिए सदारा से विपणन शुल्क लेता है। इसके बाद एसएबीआईसी, सदारा द्वारा उत्पादित वस्तुओं को घरेलू बाजार में असंबंधित उपभोक्ताओं को पुनः बेचता है। एसएबीआईसी ने सदारा द्वारा उत्पादित *** मीट्रिक टन संबद्ध वस्तुओं को घरेलू बाजार में बेचा है।

50. कारखाना-द्वार सामान्य मूल्य ज्ञात करने के लिए, प्राधिकारी ने एसएबीआईसी को बिक्री के लिए सदारा द्वारा वहन की गई अंतर्देशीय और ऋण लागत, तथा सऊदी अरब में

असंबंधित उपभोक्ताओं को बिक्री के लिए एसएबीआईसी द्वारा वहन किए गए भूमि परिवहन, बीमा, भंडारण शुल्क, निरीक्षण शुल्क और अन्य व्ययों को घटा दिया है। सदारा और एसएबीआईसी दोनों द्वारा दावा किए गए समायोजनों का डेस्क सत्यापन के बाद सत्यापन किया गया है और जहाँ भी उपयुक्त हो, उन्हें स्वीकार कर लिया गया है।

51. सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए, प्राधिकारी ने सदारा की उत्पादन लागत और सदारा और एसएबीआईसी दोनों के एसजीए व्यय के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री सौदों का निर्धारण करने हेतु व्यापार का सामान्य क्रम परीक्षण संचालित किया। चूंकि 80% से कम घरेलू बिक्री लाभदायक थी, इसलिए सामान्य मूल्य का निर्धारण केवल लाभदायक बिक्री के कारखाना-बाहर विक्रय मूल्य के आधार पर किया जाता है।

52. निर्धारित सामान्य मूल्य पैरा 59 में पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है।

- **<u>निर्यात कीमत</u>**

53. सदारा ने उत्पाद विपणन और लिफ्टिंग करार के अंतर्गत भारत को निर्यात के लिए डॉव मार्केटिंग और एसएबीआईसी संबद्ध कंपनियों को संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। जांच की अवधि के दौरान, सदारा ने भारत को निर्यात के लिए डॉव मार्केटिंग को *** मीट्रिक टन संबद्ध वस्तुएं और शेष *** मीट्रिक टन संबद्ध वस्तुएं एसएबीआईसी को बेची हैं।

54. जांच अवधि के दौरान, डॉव मार्केटिंग ने डॉव सिंगापुर को *** अमेरिकी डॉलर के मूल्य पर *** मीट्रिक टन संबद्ध वस्तु की बिक्री की। इसके बाद, डॉव सिंगापुर ने *** अमेरिकी डॉलर के बिक्री कीमत पर आबद्ध खपत के लिए डीसीआईपीएल को *** मीट्रिक टन संबद्ध वस्तु की पुनः बिक्री की। चूँकि डॉव ने संबद्ध वस्तु घाटे में बेची है, इसलिए निर्यात मूल्य की गणना सदारा और डॉव कंपनियों द्वारा किए गए सभी बिक्री के बाद के व्ययों, अर्थात् अंतर्देशीय भाड़ा, पत्तन और अन्य व्यय, ऋण लागत, समुद्री भाड़ा और बीमा को घटाने के बाद, डॉव सिंगापुर द्वारा भारत को की गई बिक्री की कीमत के अधार पर की गई है।

55. सदारा ने एसएबीआईसी के माध्यम से भारत को *** मीट्रिक टन संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया। एसएबीआईसी ने एसएपीपीएल को *** अमेरिकी डॉलर के मूल्य पर ***

मीट्रिक टन संबद्ध वस्तुओं की बिक्री की थी। सदारा द्वारा प्राप्त शेष *** मीट्रिक टन संबद्ध वस्तु भारत को निर्यात के लिए एक असंबंधित व्यापारी अर्थात् रेडियस ग्लोबल डीएमसीसी को बेची गई, जिसने जाँच में भाग नहीं लिया है। चूँकि रेडियस ग्लोबल डीएमसीसी ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है, इसलिए प्राधिकारी ने वर्तमान निर्धारण हेतु उपलब्ध तथ्यों के आधार पर रेडियस ग्लोबल डीएमसीसी के आंकड़ों पर विचार किया है।

56. एसएपीपीएल ने भारत में असंबंधित ग्राहकों को *** मीट्रिक टन संबद्ध वस्तुओं की *** अमेरिकी डॉलर के मूल्य पर पुन: बिक्री की थी। एसएबीआईसी और एसएपीपीएल दोनों की बिक्री लाभदायक रही। निर्यात मूल्य की गणना भारत में एसएपीपीएल की बिक्री कीमत पर की गई है, जिसमें एसएडीएआरए, एसएबीआईसी और एसएपीपीएल द्वारा किए गए सभी बिक्री के बाद के व्ययों को घटाया गया है, जिनमें अंतर्देशीय भाड़ा, बैंक प्रभार, दस्तावेज़ीकरण और निरीक्षण प्रभार, बीमा, ऋण लागत और समुद्री भाड़ा शामिल हैं।

57. उपर्युक्त के आधार पर, सदारा का भारित निर्यात मूल्य, डॉव, एसएबीआईसी और रेडियस ग्लोबल डीएमसीसी के माध्यम से भारत को की गई समग्र बिक्री के आधार पर निर्धारित किया जाता है, जैसा कि पैरा 59 में डंपिंग मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है।

<u>असहयोगी उत्पादक/निर्यातक</u>

58. सऊदी अरब के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत, सहयोगी निर्यातकों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर विचार करते हुए उपलब्ध तथ्यों के अनुसार निर्धारित की गई है और इसका उल्लेख पैरा 59 में डंपिंग मार्जिन तालिका में किया गया है।

पाटन मार्जिन

59. सामान्य मूल्य और निर्यात मूल्य के आधार पर ऊपर निर्धारित किया गया है, डंपिंग मार्जिन नीचे निर्धारित किया गया है।

क्रसं	विवरण	सामान्य मूल्य (अमडा/एमटी)	निर्यात कीमत (अमडा/एमटी)	पाटन मार्जिन (अमडा/एमटी)	पाटन मार्जिन %	पाटन मार्जिन रेंज
क	यूरोपीय संघ					
1	बोरसोड केमजर्ट	***	***	***	***	90-100%
2	कोवेस्ट्रो ड्यूसलैंड एजी	***	***	***	***	20-30%
3	कोई अन्य	***	***	***	***	110-120%
ख	सउदी अरब					
1	सदारा कैमिकल कंपनी,	***	***	***	***	50-60%
2	कोई अन्य	***	***	***	***	60-70%

60. यह देखा गया है कि उत्पाद को भारत में काफी कम दामों पर निर्यात किया गया है।

छ. <u>क्षति का आकलन और कारणात्मक संपर्क</u>

छ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध

61. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:-

i. घरेलू उद्योग के उत्पाद बिना बिके नहीं पड़े रह सकते क्योंकि यह 125-145% क्षमता पर चल रहे थे। कोई भी कंपनी अनुकूल बाजार स्थिति में अधिकतम क्षमता पर उत्पाद का उत्पादन नहीं करेगी और फिर भी हानि में रहेगी।

ii. घरेलू उद्योग दावा कर रहा है कि वे अभूतपूर्व क्षति झेल रहे हैं और फिर भी 70 से अधिक देशों को निर्यात कर रहे हैं। ऐसे परिदृश्य में, यह दावा कि यह घरेलू मांग का 60-80% भी पूरा कर सकता है, अविश्वसनीय है।

iii. घरेलू उद्योग के आंकड़ों से पता चलता है कि संबद्ध आयात के कारण कोई मात्रात्मक प्रभाव, कीमत प्रभाव या क्षति नहीं है, और इसलिए क्षति जारी रहने की कोई संभावना नहीं है।

iv. संबद्ध देशों से आयात की कीमत में उतार-चढ़ाव घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में उतार-चढ़ाव के साथ तालमेल बिठाता है।

v. बाजार में सभी आपूर्तिकर्ता, जिसमें घरेलू उद्योग और संबद्ध देशों के निर्यातक शामिल हैं, समान वैश्विक आपूर्ति-मांग गतिशीलता, कच्चे माल की लागत और अन्य बाजार कारकों के आधार पर निर्धारित होता है।

vi. क्षति की अवधि में घरेलू बिक्री में 60% की वृद्धि हुई है और मांग में 64% की वृद्धि हुई है। यह संबंध दर्शाता है कि घरेलू उद्योग ने अपनी बाजार स्थिति बनाए रखी है।

vii. घरेलू उद्योग ने बढ़ती बाजार मांग के अनुरूप उत्पादन और बिक्री बढ़ाने की क्षमता दिखाई है।

viii. संबद्ध आयातों ने संबद्ध आयातों के बाजार हिस्से में 35% की कमी दर्शाई है।

ix. सऊदी अरब से निर्यात की मात्रा पाटनरोधी शुल्क लगाने के बावजूद ऐतिहासिक रूप से कमोबेश स्थिर रही है।

x. घरेलू उद्योग द्वारा प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट विकास और किसी भी क्षति की अनुपस्थिति को दर्शाती है और बेहतर प्रदर्शन और लाभप्रदता की स्पष्ट स्वीकृति बनती है, जो क्षति के अस्तित्व के साथ असंगत स्थितियां हैं।

xi. घरेलू उद्योग ने दाहेज संयंत्र में कैप्टिव उपयोग के लिए एक नई बिजली उत्पादन प्रणाली स्थापित की है जो प्रचालनात्मक सुधारों के लिए चल रहे पूंजी निवेश को दर्शाता है।

xii. वार्षिक रिपोर्ट में संयंत्र बंद होने का एक व्यापक पैटर्न भी सामने आया है जिसने उत्पादन, बिक्री और वित्तीय निष्पादन पर सीधा प्रभाव डाला है।

xiii. घरेलू उद्योग द्वारा अनुभव किए गए संयंत्र बंद होने की आवृत्ति दावा किए गए उद्योग मानदंड से कहीं अधिक है। प्राधिकारी को गैर-आरोपण विश्लेषण करते समय इन असामान्य बंदियों को हल करना चाहिए।

xiv. प्राधिकारी को यह भी विश्लेषण भी करना चाहिए कि घरेलू उद्योग की कम क्षमता, क्षति मूल्यांकन अवधि के दौरान क्षमता और क्षमता उपयोग में वृद्धि अथवा गिरावट का विश्लेषण करते समय तकनीकी कठिनाइयों का परिणाम है।

xv. संबद्ध देशों के साथ-साथ चीन, जापान और कोरिया से होने वाले आयात पर पाटनरोधी शुल्क होने और प्राथमिक कच्चे माल की कीमतों में थोड़ी कमी के बावजूद, घरेलू उद्योग को संबद्ध सामान की बिक्री पर भारी क्षति हुई, जो इस बात को और दृढ़ करता है कि क्षति तकनीकी कठिनाईयों के कारण है।

xvi. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की उत्पादकता में 18% की वृद्धि हुई।

xvii. घरेलू उद्योग की वित्तीय रिपोर्ट (2021-2022 और 2022-2023) और निवेशकों की कॉन्फ्रेंस कॉल से पता चलता है कि संयंत्र में अक्सर तकनीकी कठिनाईयां आती हैं, जिससे उत्पादन में रुकावट आती है और घरेलू उद्योग को वित्तीय हानि होती है।

xviii. वित्तीय विवरण 2023-2024 के अनुसार, एक महत्वपूर्ण कच्चा माल, टोल्यूनि की कीमतें कम हो गई हैं।

xix. घरेलू उद्योग को हुई हानियां उन सालों से मेल खाती है जब घरेलू उद्योग के उत्पादन संयंत्र में तकनीकी दिक्कतें आई थीं।

xx. 2022-2023 और जांच की अवधि के बीच घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और लापभ के बीच काफी अंतर है, जबकि इन अवधियों के लिए आयात मात्रा में उसी हिसाब से अंतर नहीं है।

xxi. यह एक निर्विवाद तथ्य है कि टीडीआई के घरेलू उत्पादन में संयंत्र बंद होना एक लगातार चुनौती बनी हुई है। ऐसी परिस्थितियों में, आपूर्ति में स्थिरता बनाए रखने के लिए आयात की अहमियत अपने आप साफ हो जाती है।

xxii. 2022-23 के लिए बिक्री लागत में काफी बढ़ोतरी संयंत्र बंद होने के कारण ज़्यादा निर्धारित लागत की वजह से हुई है।

xxiii. आयात की मात्रा में कमी और कच्चे माल की कीमत में कमी के बावजूद घरेलू उद्योग की हानियां लगातार बढ़ती रही।

xxiv. आयात में बढ़ोतरी मांग-आपूर्ति अंतर के कारण है। इसलिए, भारत में आयात में बढ़ोतरी के कारण हुए क्षति का दावा नहीं किया जा सकता।

xxv. जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की मालसूची, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री की मात्रा 2020-2021 की तुलना में बढ़ी है। जबकि निर्यात बिक्री में काफी कमी आई है।

xxvi. संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के आयात के कारण कीमत कटौती नकारात्मक है।

xxvii. घरेलू उद्योग द्वारा दावा किया गया क्षति मार्जिन बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है क्योंकि घरेलू उद्योग ने पाटनरोधी शुल्क जोड़े बिना पहुंच कीमत पर विचार किया है।

xxviii. तोब तके यूरोपीय संघ से संबद्ध सामानों के आयात का बाजार हिस्सा बहुत कम है।

xxix. बिक्री लागत में असामान्य वृद्धि के कारण कीमत न्यूनीकरण/ह्रास बढ़ गया है।

xxx. कीमत में कमी का कारण आयात को तब तक नहीं माना जा सकता जब तक यह न दिखाया जाए कि संबद्ध आयात ने घरेलू उद्योग को कीमतें कम करने के लिए मजबूर किया या उन्हें कीमतें बढ़ाने से रोका। मौजूदा मामले में, घरेलू उद्योग की अपनी कीमतें क्षति की अवधि के अधिकांश समय में बढ़ी हैं।

xxxi. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध II के तहत लागत में कटौती क्षति का एक कारण नहीं है। पाटनरोधी नियमावली कीमत में कटौती सहित मात्रा और कीमत प्रभावों का उल्लेख करते हैं, न कि लागत में कटौती का।

xxxii. बिक्री की लागत में वृद्धि असामान्य है क्योंकि टोल्यूनि के लिए कच्चे माल की कीमत में वृद्धि की बिक्री की कुल लागत पर सीमित प्रभाव पड़ता है। टोल्यूनि कुल उत्पादन लागत का ***% है।

xxxiii. प्राधिकारी को जांच की अवधि और पिछली क्षति विश्लेषण अवधि में टोल्यूनि सहित कच्चे माल की लागत और अन्य विनिर्माण खर्चों की विस्तृत तुलना करनी चाहिए।

xxxiv. घरेलू उद्योग की क्षमता वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार ली जानी चाहिए, न कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रमाण पत्र के अनुसार।

xxxv. घरेलू उद्योग ने टोल्यून की कीमत में ***% की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है, जबकि वास्तव में टोल्यून की कीमत में ***% की बढ़ोतरी हुई है।

xxxvi. घरेलू उद्योग का दाहेज संयंत्र खराब है, जिसकी वजह से बार-बार बंदी होती है। भरूच संयंत्र में, जो एक पुराना संयंत्र है, इतने लंबे समय तक बार-बार बंद कभी नहीं देखा गया। 2014, 2016 और 2018 में गैस लीक की घटनाओं से भी यह साबित होता है।

xxxvii. सही तुलना के लिए, प्राधिकारी को घरेलू उद्योग के भरूच संयंत्र की बिक्री लागत के साथ आयात के पहुंच मूल्य की तुलना करनी चाहिए।

xxxviii. सदारा द्वारा निर्यात किए गए विचाराधीन उत्पाद का 80% हिस्सा डीसीआईपीएल द्वारा निचले स्तर के उत्पादों के उत्पादन के लिए खपाया गया था। इस प्रकार, यह घरेलू उद्योग पर कोई असर नहीं डालता है। प्राधिकारी को कैप्टिव खपत के लिए विचाराधीन उत्पाद को घटाने के बाद विश्लेषण करना चाहिए।

xxxix. कंपनी के उर्वरक क्षेत्र को भारी हानियां हो रही हैं। इस प्रकार, घरेलू उद्योग की पूंजीगत निवेश करने की क्षमता पर उर्वरक क्षेत्र में हुई हानियों से कोई प्रभाव नहीं पड़ता है या बहुत कम प्रभाव पड़ता है।

xl. घरेलू उद्योग ओडीसीबी-फ्री टीडीआई का विनिर्माण नहीं करता है, जो यूरोप में रीच-के अनुरूप निर्यात के लिए अनिवार्य है। इस प्रकार,शुल्क लगाना अलाभप्रद है क्योंकि घरेलू उद्योग और अंतिम प्रयोक्ता द्वारा अपेक्षित तकनीकी ग्रेडों की आपूर्ति नहीं कर रहा है।

xli. घरेलू उद्योग अपने पिछले दावे का विरोध करते हुए कहता है कि संयंत्र हर 2-3 साल में बंद किया जाता है। आवेदन-पत्र में यह दावा किया गया है कि दुनिया भर में सभी उत्पादक प्रति 3-4 वर्ष में संयंत्र बंद करते हैं।

xlii. चीन जन.गण. से विचाराधीन उत्पाद का आयात कीमतें ऋणात्मक/बाजार ऋणात्मक पद्धति से तय होती हैं, जबकि जर्मनी से आयात कीमतें लागत एवं पद्धति के आधार पर निर्धारित होती हैं। इसलिए, चीन जन.गण. और जर्मनी से आयात कीमतों के बीच सीधी तुलना नहीं की जा सकती।

xliii. कोवेस्ट्रो ड्यूशलैंड एजी द्वारा निर्यातित उत्पाद, टीडीआई -टी80, कोवेस्ट्रो इंडिया द्वारा अपने इस्तेमाल के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ये आयात घरेलू उद्योग की बिक्री को विस्थापित नहीं कर सकते।

xliv. प्राधिकारी को डीसीआईपीएल द्वारा अपने इस्तेमाल के लिए सीधे इस्तेमाल किए गए टीडीआई आयात मात्रा को घटाने के बाद मात्रा और कीमत विश्लेषण करना चाहिए।

छ.2 घरेलू उद्योग के अनुरोध

62. घरेलू उद्योग ने क्षति और कारण संपर्क के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. टीडीआई उद्योग कुछ चुनिंदा कंपनियों समूहों के साथ अत्यधिक संकेन्द्रित है, जिससे टीडीआई का प्रत्येक क्षेत्रीय क्षमता वितरण हो रहा है।

ii. टीडीआई की कुछ चुनिंदा अग्रणी विनिर्माता, वानहुआ ग्रुप, चीन है, जो यूरोपीय संघ में बोर्सोडकेमज़र्ट है, चीन और यूरोपीय संघ में कोवेस्ट्रो ग्रुप, सऊदी अरब में सदारा केमिकल कंपनी हैं।

iii. इन विनिर्माताओं के संयंत्र विभिन्न क्षेत्रों में सिर्फ़ स्थान संबंधी हानियों का सामना करने के लिए हैं।

iv. संबद्ध देशों के सभी निर्यातकों की भारत में संबद्ध कंपनियों हैं। इसलिए, भारत में सीमा शुल्क को बताई गई आयात कीमत उस कीमत का सही प्रदर्शन नहीं है जिस कीमत पर ये निर्यातक भारत में असंबद्ध ग्राहकों को अंतिम रूप से बेच रहे हैं।

v. शुल्क लगाने के बाद भी विचाराधीन उत्पाद का पाटन जारी रहा है। यह पाटन मार्जिन सीमा शुल्क को घोषित आयात कीमत के अनुसार है। अगर यह उस कीमत पर तय किया जाए जिस पर संबद्ध पक्षकार घरेलू बाज़ार में बेचते हैं, तो पाटन मार्जिन बहुत ज़्यादा होगा।

vi. यद्यपि, संबद्ध देशों से आयात आधार वर्ष से बढ़े हैं, सिर्फ़ 2021-2022 को छोड़कर, जब आयात में काफी कमी आई थी। हालांकि, घरेलू उद्योग मात्रात्मक क्षति का दावा नहीं कर रहा है।

vii. बिक्री कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत के बराबर गति से नहीं बढ़ी है। इससे पता चलता है कि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत कम रखी गई है।

viii. आयात कीमत लगातार घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम रही है।

ix. आयात की पहुंच कीमत और घरेलू उद्योग की बिक्री लागत के बीच का अंतर 2021-22 और 2022-23 में सबसे ज़्यादा था और घरेलू उद्योग को मात्रात्मक क्षति हुई है।

x. कीमत कटौती आंशिक रूप से सकारात्मक रही। तथापि, यह भारत में संबद्ध पक्षकार की मौजूदगी और जांच की अवधि में आयात मात्रा और कीमत में काफी उतार-चढ़ाव के कारण वास्तविक कीमत कटौती नहीं है।

xi. जांच की अवधि में घरेलू उद्योग का उत्पादन और घरेलू बिक्री बढ़ी है। घरेलू उद्योग लगातार पाटन से मात्रात्मक क्षति का दावा नहीं कर रहा है।

xii. घरेलू उद्योग ने इस मामले में ***% मांग पूरी की है और घरेलू उद्योग ***% क्षमता उपयोग पर ***% मांग तक उत्पादन और बिक्री कर सकता था।

xiii. हानियां बढ़ने पर भी, घरेलू उद्योग ने प्रति यूनिट निर्धारित लागत कम करने की दृष्टि से उत्पादन बढ़ाया।

xiv. क्षति की अवधि में लाभप्रदता लगातार कम हुई है। 2022-2023 में क्षति सबसे ज़्यादा थी।

xv. क्षति की अवधि के तीन सालों में घरेलू उद्योग को कुल [***] करोड़ रुपये से ज़्यादा की हानि हुई है, जो व्यवसाय में लगाई गई पूंजी का लगभग आधा है।

xvi. घरेलू उद्योग ने आधार वर्ष में ब्याज पूर्व सकारात्मक लाभ, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर सकारात्मक आय दर्ज की। हालांकि, इसके बाद इन मापदंडों में गिरावट आई।

xvii. आवेदक के बाजार हिस्से में सुधार हुआ है, लेकिन इसके लिए उत्पादकता में काफी गिरावट आई है।

xviii. जांच की अवधि में औसत मालसूची सबसे ज़्यादा थी।

xix. घरेलू उद्योग भारत में एकमात्र उत्पादक है। उत्पाद का निष्पादन बहुत खराब है। घरेलू उद्योग क्षमता बढ़ाने के लिए पूंजी जुटाने की स्थिति में नहीं है।

xx. इस अनुरोध के संबंध में कि प्रयोक्ता उद्योग को बंदी के कारण आयात करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, घरेलू उद्योग दो टीडीआई संयंत्र चलाता है और रखरखाव बंदी के दौरान भी लगातार आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मालसूची बनाए रखता है।

xxi. कुछ बंदियां पाटन के कारण हुई, जिससे घरेलू उद्योग को उत्पादन बंद करना पड़ा। यह पाटित आयात के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति को दर्शाता है।

xxii. पाटन का एक स्रोत से दूसरे स्रोत में जाने से घरेलू उद्योग को उचित लाभ के साथ काफी लंबे समय तक काम करने का मौका नहीं मिला है।

xxiii. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया कि टोल्यूनि की कीमतें कम हो गईं। हालांकि, प्रमुख कच्चे माल और यूटिलिटियों की कीमतें वास्तव में 2022-2023 में बढ़ी हैं। इस प्रकार, उसी वर्ष उत्पादन की लागत में वृद्धि हुई।

xxiv. हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग की क्षमता को वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार माना जाना चाहिए, घरेलू उद्योग ने वार्षिक रिपोर्ट में बताई गई उत्पादन क्षमता से ज़्यादा स्तर पर लगातार उत्पादन किया है।

xxv. यूरोपीय समुदाय - ब्राजील से मैलेबल कास्ट आयरन ट्यूब या पाइप फिटिंग पर पाटनरोधी शुल्क [डीएस 219] में पैनल ने माना कि भले ही दूसरे देशों से आयात ने घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति ने योगदान किया हो, फिर भी, ऐसे आयातों से पाटन और क्षति के बीच कारणात्मक संपर्क टूट नहीं जाते हैं।

xxvi. हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध कि घरेलू उद्योग की वार्षिक रिपोर्ट में दीर्घावधि निवेश योजना दर्शाई गई है औरा इसीलिए, यह नहीं माना जा सकता कि घरेलू उद्योग को क्षति हुई है, हितबद्ध पक्षकारों ने पूरे रासायनिक क्षेत्र के निष्पादन पर भरोसा किया है। घरेलू उद्योग 15 से ज़्यादा रासायनिक उत्पादों का उत्पादन करता है।

xxvii. निर्णायक समीक्षा की जांच अवधि के दौरान सूचित किए गए आयातों की कम मात्रा की स्थिति में भी, ऐसे कई उदाहरण हैं जब भारतीय प्राधिकारी और विदेशी प्राधिकारी ने पाटनरोधी शुल्क जारी रखा है।

xxviii. हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने क्षमता विस्तार नहीं किया है, क्षमता विस्तार की कमी को घरेलू उद्योग की ओर से इरादे की कमी या अक्षमता के रूप में नहीं माना जा सकता है, बल्कि यह पाटित आयात से होने वाले क्षतिकारक प्रभावों का सीधा परिणाम है।

xxix. हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग को हुई क्षति गलत है क्योंकि घरेलू उद्योग ने आयातों के पहुंच मूल्य पर पाटनरोधी शुल्क नहीं जोड़ा है, पाटनरोधी शुल्क जोड़ने के बाद क्षति मार्जिन गणना पर कभी विचार नहीं किया जाता है।

xxx. हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत आयात आंकड़ें अविश्वसनीय हैं, प्राधिकारी डीजीसीआईएंडएस और डीजी सिस्टम से आयात आंकड़े मंगवा सकते हैं और आयात की मात्रा और मूल्य की जांच के लिए उसी पर भरोसा कर सकते हैं।

छ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

63 अनुबंध-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम 11 में यह प्रावधान है कि क्षति के निर्धारण में"... *पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इस प्रकार के आयातों का परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत तथ्यों पर विचार करते हुए ..."* घरेलू उद्योग को क्षति दर्शाने वाले कारकों की जांच शामिल होगी। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, इस बात की जांच करना आवश्यक माना गया है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा काफी कीमत कटौती की गई है अथवा यह कि क्या इस प्रकार के आयातों के प्रभाव से अन्यथा कीमतों का बहुत अधिक मात्रा में

ह्रास हुआ है अथवा कीमत में वृद्धि रुकी है, जो अन्यथा बहुत अधिक मात्रा में हुई होती। भारत में घरेलू उद्योगों पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए, इन सूचकांकों जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता हो जैसे उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री की मात्रा, मालसूची, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन की मात्रा और मार्जिन आदि पर विचार पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार किया गया है।

64. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में किए गए विभिन्न अनुरोधों पर ध्यान दिया है और रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों और लागू कानूनों को ध्यान में रखते हुए उनका विश्लेषण किया है। प्राधिकारी द्वारा किया गया क्षति विश्लेषण अपने आप ही घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों को यथा-तथ्यत: हल करता है।

65. इस संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी ने पाटन और क्षति की संभावना वाले पहलुओं की जांच करने से पूर्व, घरेलू उद्योग को हुई मौजूदा क्षति , यदि कोई है, की जांच की है।

66. घरेलू उद्योग को क्षति न होने के बारे में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि यह ज़रूरी नहीं है कि क्षति के सभी मापदंड में गिरावट आए। कुछ मापदडों में गिरावट दिख सकती है, जबकि कुछ में नहीं। प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालने से पहले सभी क्षति मापदंडों पर विचार करते हैं कि क्या घरेलू उद्योग को पाटन के कारण क्षति हुई है या नहीं। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और तर्कों को ध्यान में रखते हुए क्षति मापदंडों की निष्पक्ष रूप से जांच की है।

67. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग ने 70 से ज़्यादा देशों में निर्यात किया है और इस वजह से यह असंभव है कि घरेलू उद्योग 60-

80% मांग को पूरा कर सके। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि उसने केवल घरेलू प्रचालनों के लिए क्षति की जांच की है।

68. घरेलू उद्योग की संयंत्र बंदी होने के बारे में अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी घरेलू उद्योग के इस अनुरोध को नोट करते हैं कि उत्पादन प्रक्रिया की जटिल प्रकृति और खतरनाक रसायनों और गैसों के उपयोग के कारण टीडीआई संयंत्र के लिए संयंत्र बंद होना एक नियमित और वैश्विक घटना है। संयंत्र के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए विश्व स्तर पर भी संयंत्र में इसी तरह की बंदी होती है। घरेलू उद्योग ने बंदी का विवरण प्रदान किया है और यह देखा गया है कि कुछ वर्षों में प्रतिकूल बाजार स्थितियों के कारण भी बंदी की गई थी। घरेलू उद्योग ने मात्रात्मक क्षति का दावा नहीं किया है और जांच अवधि में रिपोर्ट किया गया उत्पादन क्षति अवधि में सबसे अधिक है। उत्पादन में लगातार वृद्धि अन्य हितबद्ध पक्षकारों के इस दावे का खंडन करते हैं कि संयंत्र में बार-बार होने वाली बंदी घरेलू उद्योग को क्षति का कारण है। इसलिए, जांच अवधि में निष्पादन में गिरावट का श्रेय संयंत्र बंद होने को नहीं दिया जा सकता है।

69. जहाँ तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में सूचित क्षमता और वार्षिक रिपोर्ट में सूचित क्षमता में अंतर के बारे में अन्य हितबद्ध पक्षकारों की बात है, प्राधिकारी घरेलू उद्योग के मासिक उत्पादन के विश्लेषण पर यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने वार्षिक रिपोर्ट में उल्लिखित नामपट्ट क्षमता से अधिक उत्पादन किया है, जो यह दर्शाता है कि घरेलू उद्योग उच्चतर स्तर पर उत्पादन कर सकता है। घरेलू उद्योग ने पिछली जांचों में भी इन्हीं क्षमताओं पर विचार किया है।

70. जहाँ तक हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध का संबंध है कि टोल्यूनि की कीमतें कम हो गई हैं, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत की जांच की है। यह देखा जाता है कि 2022-23 तक टोल्यूनि की कीमतें बढ़ी थीं, लेकिन जांच की की अवधि में आंशिक रूप से कम हो गई हैं।

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
1	टोल्यूनि की लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
2	गाढ़ा नाइट्रिक एसिड की कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
3	प्राकृतिक गैस की लागत	रु./एमटी	***	***	***	***

71. जहाँ तक हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध का संबंध है कि आयातों के पहुंच मूल्य की तुलना भरूच संयंत्र की बिक्री लागत से की जानी चाहिए क्योंकि घरेलू उद्योग का दाहेज संयंत्र अदक्ष है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों का यह तर्क कानून के विपरीत है और इसलिए इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। सिर्फ एक संयंत्र की उत्पादन लागत की तुलना आयात की पहुंच कीमत से करने का कोई आधार नहीं है। प्राधिकारी ने उत्पादकों के उत्तर से यह पाया है कि भारत में निर्यात पाटित कीमतों पर हैं। पाटित आयातों के क्षतिकारक प्रभाव की जांच घरेलू उद्योग के प्रचालनों पर की जानी ज़रूरी है। चूंकि इस मामले में घरेलू उद्योग के दो संयंत्र हैं, इसलिए दोनों संयंत्र की उत्पादन लागत की तुलना करने के बाद क्षति का विश्लेषण किया गया है। हालांकि, इन अनुरोधों को देखते हुए, प्राधिकारी ने भरूच संयंत्र की बिक्री लागत की तुलना पहुंच कीमत से की है, जो नीचे दर्शाई गई है।

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
1	भरूच संयंत्र की बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
2	पहुंच मूल्य	रु./एमटी	***	***	***	***
3	अंतर	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	-223	-529	-425

72. यह देखा जाता है कि आयातित उत्पाद के पहुंच मूल्य, विचाराधीन उत्पाद की बिक्री लागत से लगातार कम रहा है, यहाँ तक कि भरूच संयंत्र की बिक्री लागत से तुलना करने पर भी।

73. डीसीआईपीएल के कैप्टिव आयात को छोड़कर क्षति विश्लेषण करने के अनुरोध करने संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस अनुरोध का कोई आधार नहीं है। क्षति विश्लेषण भारत में होने वाले सभी आयातों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए, चाहे वे कहीं भी इस्तेमाल हों और उनका स्रोत कुछ भी हो।

74. हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध में कि क्षति मार्जिन की गणना के लिए आयातों की पहुंच कीमत में पाटनरोधी शुल्क जोड़ा जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उपरोक्त अनुरोध का कोई आधार नहीं है। क्षति मार्जिन का उद्देश्य यह जांचना है कि क्या पाटन से कम पाटनरोधी शुल्क उद्योग को हुई क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा। क्षति मार्जिन की गणना सतत परिपाटी के अनुसार की गई है, जिसमें सीआईएफ आयात कीमत पर केवल आधारभूत सीमा शुल्क शामिल करने के बाद है।

75. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों और प्रति-तर्कों की भी जांच की है। प्राधिकारी द्वारा नीचे किया गया क्षति विश्लेषण हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों को हल करता है।

छ.3.1 पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव

क. मांग/खपत का मूल्यांकन

76. प्राधिकारी ने भारत में उत्पाद की मांग या स्पष्ट खपत को घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतों से टीडीआई के आयात के जोड़ के रूप में तय किया है।

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि (वार्षिकीकृत)
1	घरेलू उद्योग की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	117	121	160
2	संबद्ध देशों का आयात	एमटी	15,769	10,889	10,781	13,379
3	पाटनरोधी शुल्क लगने वाले अन्य देशों से आयात	एमटी	17,318	26,413	38,965	43,674
4	अन्य देशों से आयात	एमटी	1,453	4,562	4,770	722
5	कुल मांग	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	119	138	164

77. यह देखा जाता है कि 2020-2021 की तुलना में 2021-22 में उत्पाद की मांग बढ़ी, जो 2022-23 में और जांच की अवधि में और बढ़ गई। क्षति की अवधि के दौरान मांग लगातार बढ़ी है।

ख. पूर्ण दृष्टि से और सापेक्ष दृष्टि से आयात

78. क्षति की अवधि और जांच की अवधि के दौरान पूर्ण दृष्टि से और सापेक्ष दृष्टि से आयात की मात्रा की सूचना नीचे दी गई है।

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
1	संबद्ध देश	एमटी	15,749	10,889	10,781	13,379
i	यूरोपीय संघ	एमटी	11,609	8,249	5,155	7,742

ii	सऊदी अरब	एमटी	4,140	2,640	5,625	5,636
2	पाटनरोधी शुल्क लगने वाले अन्य देशों से आयात	एमटी	17,318	26,413	38,965	43,674
3	अन्य देश	एमटी	1,473	4,562	4,770	721
4	कुल	एमटी	34,539	41,864	54,515	57,774
5	निम्नलिखित के संबंध में संबद्ध आयात:					
i	भारतीय उत्पादन	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	76	71	72
ii	मांग	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	58	50	52
iii	कुल आयात	%	46%	26%	20%	23%

79. यह जाता है कि:

क. संबद्ध देशों से संबद्ध आयातों की मात्रा 2022-23 तक कम हो गई थी। जांच की अवधि में आयात बढ़ गए।

ख. पाटनरोधी शुल्क लगने वाले दूसरे देशों से आयात क्षति की अवधि में लगातार बढ़े हैं।

ग. संबद्ध देशों से आयात भी भारतीय उत्पादन, भारतीय मांग और कुल आयातों के मुकाबले कम हुए हैं।

घ. प्राधिकारी नोट करते है कि घरेलू उद्योग ने इस जांच में मात्रात्मक प्रभाव के निमित्त क्षति का दावा नहीं किया है।

छ.3.2 पाटित आयातों का कीमत प्रभाव

80. नियमावली के अनुबंध II (ii) के अनुसार, कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, प्राधिकारी को यह देखना होता है कि क्या पाटित आयातों ने भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में कीमतों में काफी कमी की है, या क्या ऐसे आयतों का प्रभाव कीमतों को काफी हद तक कम करना है या कीमतों में होने वाली बढ़ोतरी को रोकना है, जो अन्यथा काफी मात्रा में हुई होती।

क. कीमत कटौती

81. कीमत कटौती जांच की अवधि के लिए आयातों की पहुंच कीमत के साथ घरेलू उद्योग की निवल बिक्री वसूली की तुलना करके निर्धारित की गई है। निम्नलिखित तालिका संबद्ध देशों से कीमत कटौती दर्शाती है।

क्र. सं.	विवरण	यूओएम	यूरोपीय संघ	सऊदी अरब	समग्र रूप से संबद्ध देश
1	निवल बिक्री प्राप्ति	रु./एमटी	***	***	***
2	पहुंच कीमत	रु./एमटी	***	***	***
3	कीमत कटौती	रु./एमटी	***	***	***
4	कीमत कटौती	%	***	***	***
5	कीमत कटौती	रेंज	नकारात्मक	20-30%	0-10%

क्र. सं.	विवरण	यूओएम	बोरसोडकेम ज़र्ट.,	कोवेस्ट्रो ड्यूशलैंड एजी	सदारा केमिकल कंपनी,
1	निवल बिक्री प्राप्ति	रु./एमटी	***	***	***
2	पहुंच कीमत	रु./एमटी	***	***	***
3	कीमत कटौती	रु./एमटी	***	***	***
4	कीमत कटौती	%	***	***	***
5	कीमत कटौती	रेंज	10-20%	नकारात्मक	20-30%

82. यह देखा जाता है कि भारित औसत कीमत कटौती आंशिक रूप से सकारात्मक है। यह भी देखा जाता है कि आयात की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है और घरेलू उद्योग ने काफी वित्तीय हानियों पर बेचा है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि कि इस जांच से पता चला है कि भारत में विचाराधीन उत्पाद के भाग लेने वाले उत्पादकों में से एक उत्पादक के एक संबद्ध आयातक ने हानियों पर उत्पाद बेचा है।

ख. <u>कीमत ह्रास/न्यूनीकरण</u>

83. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित आयात घरेलू कीमतों का ह्रास कर रहे हैं और क्या ऐसे आयातों का प्रभाव काफी मात्रा तक कीमत न्यूनीकरण करना है या कीमत वृद्धि रोकना है, जो सामान्य प्रक्रिया में अन्यथा हुई होती, क्षति की अवधि में लागतों और कीमतों में परिवर्तनों की तुलना नीचे की गई है।

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
1	बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
	परिवर्तन	रु./एमटी		***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	149	197	139
2	निवल बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
	परिवर्तन	रु./एमटी		***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	122	141	110

84. यह देखा जाता है कि वर्ष 2021-2022 में, घरेलू उद्योग की बिक्री लागत रु. [***] प्रति एमटी तक बढ़ी, जबकि बिक्री कीमत रु. [***] प्रति एमटी तक बढ़ी है। घरेलू उद्योग को हानियां हुई। 2022-23 में बिक्री लागत रु. [***] प्रति एमटी तक और बढ़ी, लेकिन बिक्री कीमत सिर्फ रु. [***] प्रति एमटी तक ही बढ़ी। इस वर्ष में हानियां और बढ़ी। बिक्री कीमत में बढ़ोतरी की दर घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में बढ़ोतरी की दर से कम है।

85. जांच की अवधि में, बिक्री लागत रु. [***] प्रति एमटी कम हो गई, जबकि बिक्री कीमत रु. [***] प्रति एमटी कम हो गई। हालांकि बिक्री की लागत में कमी बिक्री कीमत में कमी से ज़्यादा थी, फिर भी घरेलू उद्योग को हानियां होती रही।

86. क्षति की अवधि में, बिक्री कीमत में बढ़ोतरी रु. [***] प्रति एमटी, बिक्री लागत में बढ़ोतरी रु. [***] प्रति एमटी से बहुत कम है। इसलिए, घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत का न्यूनीकरण हुआ है।

87. नीचे दी गई तालिका में जांच की अवधि में आयात की पहुंच कीमत, बिक्री कीमत और घरेलू उद्योग की बिक्री लागत दर्शाई गई है।

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	जांच की अवधि
1	घरेलू उद्योग की बिक्री लागत	रु./एमटी	***
2	घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत	रु./एमटी	***
3	आयात की पहुंच कीमत	रु./एमटी	***

88. यह देखा जाता है कि जांच की अवधि में आयतों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है।

89. ऊपर दिए गए विश्लेषण के आधार पर, यह नोट किया जाता है कि पाटित आयातों ने घरेलू उद्योग को लागत में परिवर्तनों के अनुरूप उनकी कीमतों को बढ़ाने से रोका है। अत: पाटित आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों का न्यूनीकरण किया है।

छ.3.4. <u>घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंडों पर प्रभाव</u>

90. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव की वस्तुपरक जांच शामिल होगी। ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव के

संबंध में नियमावली में यह भी प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में सभी संगत आर्थिक कारकों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता के उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट; घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा पर प्रभाव डालने वाले कारकों; नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक एवं संभावित नकारात्मक प्रभाव डालने वाले कारकों सहित घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले तत्व शामिल होने चाहिएं। घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मापदंडों पर चर्चा नीचे की गई है।

क. क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और घरेलू बिक्री

91. क्षति की अवधि के दौरान क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और घरेलू बिक्री के बारे में सूचना इस प्रकार है:

क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि (वार्षिकीकृत)**
1	संस्थापित क्षमता	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	100	100
2	क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	91	96	117
3	उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	92	96	118
4	घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	117	121	160

92. यह देखा जाता है कि: -

क. घरेलू उद्योग की क्षमता क्षति की अवधि में वैसी ही बनी रही।

ख. घरेलू उद्योग का क्षमता उपयोग 2021-22 में कम हुआ, लेकिन 2022-23 में बढ़ गया और जांच की अवधि में फिर से बढ़ गया। घरेलू उद्योग का अनुरोध है कि जांच की अवधि के दौरान क्षमता उपयोग ईष्टतम स्तर पर था। क्षति की अवधि में देखने पर, घरेलू उद्योग का क्षमता उपयोग बढ़ा है।

ग. घरेलू उद्योग का उत्पादन 2021-2022 में कम हो गया, लेकिन 2022-2023 में बढ़ गया, और जांच की अवधि में फिर से बढ़ गया। क्षति की अवधि में देखने पर, घरेलू उद्योग का उत्पादन बढ़ा है।

घ. घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री पूरी क्षति की अवधि के दौरान बढ़ी है।

ड. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि क्षति की अवधि में घरेलू बिक्री में बढ़ोतरी का कारण यह था कि घरेलू उद्योग ने हानियों पर बेचा था। घरेलू उद्योग ने यह भी दावा किया कि निर्धारित लागतें वसूल करने के लिए उत्पादन में वृद्धि की गई थी।

च. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि कि घरेलू उद्योग ने मात्रात्मक क्षति का दावा नहीं किया है।

ख. बाजार हिस्सा

93. इस अवधि में आयातों और घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से से संबंधित सूचना निम्नलिखित थी:

क्र.सं.	**बाजार हिस्सा**	**यूओएम**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि (वार्षिकीकृत)**
1	घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	98	88	98

3	आयात में संबद्ध देशों का हिस्सा	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	58	50	52
3	शुल्क लगने वाले अन्य देशों से आयात	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	128	163	154
4	अन्य देशों के आयातों का हिस्सा	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	260	235	30

94. यह देखा जाता है कि: -

क. घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा 2022-2023 को छोड़कर पूरी क्षति की अवधि में एक जैसा रहा, जबकि घरेलू उद्योग का हिस्सा कम हो गया।

ख. संबद्ध देशों से होने वाले आयात का बाजार हिस्सा 2022-23 तक कम हो गया था और जांच की अवधि में इसमें मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई।

ग. जिन असंबद्ध देशों से आयात पर शुल्क लगता है, उनका बाजार हिस्सा 2021-2022 में बढ़ा, 2022-2023 में और बढ़ा और जांच की अवधि में कम हो गया। हालांकि, जांच की अवधि में बाजार हिस्सा आधार वर्ष से ज़्यादा रहा।

घ. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने मात्रात्मक क्षति का दावा नहीं किया है।

ग. लाभप्रदत्ता, नकद लाभ और निवेश पर आय

95. निवेश पर आय, लाभप्रदता, नकद लाभ के बारे में सूचना इस प्रकार है:

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि (वार्षिकीकृत)
1	लाभ /(हानि)	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	-1,075	-2,318	- 1,148
2	लाभ /(हानि)	लाख रु.	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	-1,259	-2,809	-1,843
3	पीबीआईटी	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	-923	-1,990	-981
4	ब्याज और कर पूर्व लाभ	लाख रु.	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	-1,081	-2,411	-1,575
5	नकद लाभ	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	-44	-208	-74
6	नकद लाभ	लाख रु.	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	-51	-252	-119
7	आरओसीई	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	-1,071	-2,537	-1,633

96. घरेलू उद्योग को 2020-21 में लाभ हुआ था। 2021-22 में लाभ हानि में बदल गया। 2022-23 में हानि और बढ़ गई, लेकिन जांच की अवधि में कम हो गया। जांच की अवधि में हानि कम होने के बाद भी, वे 2021-22 से ज़्यादा थी।

97. घरेलू उद्योग ने आधार वर्ष में कर पूर्व लाभ, नकद लाभ और निवेश पर सकारात्मक लाभ कमाया था। इसके बाद, घरेलू उद्योग को ब्याज और मूल्यह्रास से पहले भी हानि हुई। जांच की अवधि में कर पूर्व लाभ और नकद लाभ नकारात्मक हैं। जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की निवेश पर आय काफी नकारात्मक है।

घ. मालसूची

98. मालसूची के बारे में सूचना इस प्रकार है:

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि (वार्षिकीकृत)
1	प्रारंभिक मालसूची	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	526	392	625
2	अंतिम मालसूची	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	74	119	111
3	औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	147	162	193

99. यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग की औसत मालसूची क्षति की अवधि में बढ़ गई है।

ड. रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता

100. क्षति की अवधि के दौरान रोज़गार, मज़दूरी और उत्पादकता के बारे में सूचना इस प्रकार है:

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि (वार्षिकीकृत)
1	कर्मचारियों की संख्या	संख्या	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	98	95	90
2	वेतन एवं मजदूरी	लाख रु.	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	105	110	124
3	प्रति दिन उत्पादकता	एमटी/दिन	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	92	96	118
4	प्रति कर्मचारी उत्पादकता	एमटी/संख्या	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	93	101	131

101. घरेलू उद्योग की उत्पादकता, उत्पादन के हिसाब से बढ़ी है। हालांकि दिया जाने वाला वेतन बढ़ा है, लेकिन कर्मचारियों की संख्या कम हुई है।

च. वृद्धि

102. वृद्धि से संबंधित सूचना नीचे दी गई है: -

क्र.सं.	विवरण	यूनिट	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
1	क्षमता	वर्ष/वर्ष	0%	0%	0%
2	उत्पादन	वर्ष/वर्ष	-8%	5%	23%
3	बिक्री	वर्ष/वर्ष	17%	3%	32%
4	बाजार हिस्सा	वर्ष/वर्ष	0%	-18%	20%
5	लाभ/हानि	वर्ष/वर्ष	-1359%	-123%	34%
6	नकद लाभ	वर्ष/वर्ष	-151%	-389%	53%
7	आरओसीई	वर्ष/वर्ष	-1171%	-137%	36%

103. जांच की अवधि और पिछले वर्ष के दौरान घरेलू उद्योग की वृद्धि, पिछले वर्षों की तुलना में विभिन्न कीमत मापदंड नकारात्मक रहे हैं।

छ. पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

104. यह देखा जाता है कि देश में मांग और आपूर्ति अंतराल है। यह भी नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग का लाभ और निवेश पर आय कम हो गई है। जांच की अवधि के साथ-साथ पिछली क्षति विश्लेषण अवधि के दौरान भी घरेलू उद्योग को हानियां हो रही थी। इसलिए, निवेश जुटाने की क्षमता पर असर पड़ा है, जिससे घरेलू उद्योग अपनी क्षमता बढ़ाने में नाकाम रहा है। यह भी देखा जाता है कि उत्पाद के आयात पर रोक लगाने वाले उपायों के बावजूद, किसी अन्य उत्पादक ने इस उत्पाद में निवेश नहीं किया है।

ज. घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

105. आयात की कीमतों की जांच से पता चलता है कि संबद्ध देशों से आयात की कीमतें घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम हैं। चूंकि संबद्ध देशों से आयात पाटित कीमतों पर जारी हैं, इसलिए घरेलू उद्योग बिक्री लागत में परिवर्तन के हिसाब से अपनी कीमतें तय नहीं कर पाया है। यह तथ्य कि आयात घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम कीमत पर भारतीय बाज़ार में आ रहे हैं और घरेलू उद्योग को काफी गिरावट का सामना करना पड़ा है, यह अपने आप में लगातार पाटन वाले आयात के प्रतिकूल प्रभाव को सिद्ध करता है। अत:, संबद्ध देशों से होने वाले आयात ने घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव डाला है।

झ. पाटन मार्जिन

106. यह देखा जाता है कि यूरोपीय संघ और सऊदी अरब से भारत में संबद्ध सामान का लगातार पाटन हो रहा है।

ज. हानि पर निष्कर्ष

107. उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर, प्राधिकरण निम्नलिखित निष्कर्ष निकालता है -

क. विषय देशों से आयातित वस्तुओं की मात्रा 2022-23 तक घटती रही, परंतु जांच अवधि के दौरान इसमें वृद्धि दर्ज की गई।

ख. विषय देशों से आयात, भारतीय उत्पादन, भारतीय मांग, और कुल आयात की तुलना में भी घटे हैं।

ग. वर्तमान जांच में घरेलू उद्योग ने उत्पादन, बिक्री, क्षमता उपयोग, तथा बाजार हिस्सेदारी पर आयात के संभावित प्रतिकूल प्रभाव के रूप में मात्रात्मक हानि का दावा नहीं किया है।

घ. CIF आयात मूल्यों के आधार पर निर्धारित भारित औसत मूल्य कटौती थोड़ी सकारात्मक रही है। हालांकि, यह देखा गया कि विचाराधीन उत्पाद के एक भाग लेने वाले उत्पादक से संबंधित आयातक ने भारतीय बाजार में उत्पाद को हानि पर बेचा है।

ङ. आयात की लैंडेड कीमत, घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम रही है।

च. डंप किए गए आयातों ने घरेलू उद्योग को लागत में हुए परिवर्तनों के अनुरूप कीमतें बढ़ाने से रोका है। इन डंप किए गए आयातों ने घरेलू उद्योग के मूल्य स्तर को दबाया है।

छ. घरेलू उद्योग ने उत्पाद को उल्लेखनीय वित्तीय हानियों पर बेचा है।

ज. घरेलू उद्योग की क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि जांच अवधि के दौरान क्षमता उपयोग सर्वोत्तम स्तर पर था।

झ. घरेलू उद्योग का उत्पादन और घरेलू बिक्री हानि अवधि के दौरान बढ़ी है। हानि अवधि में बिक्री में हुई वृद्धि का कारण यह था कि घरेलू उद्योग ने उत्पाद को हानि पर बेचा। प्राधिकरण यह भी नोट करता है कि घरेलू उद्योग ने डंप किए गए आयातों के प्रभाव को मात्रात्मक हानि के रूप में दावा नहीं किया है।

ञ. विषय देशों से आयात का बाजार हिस्सा 2022-23 तक घटा, और जांच अवधि में इसमें थोड़ी वृद्धि दर्ज की गई।

ट. गैर-विषय देशों से आयात, जिन पर शुल्क लगाए गए हैं, 2021-22 में बढ़े, 2022-23 में और बढ़े, परंतु जांच अवधि में घटे।

ठ. घरेलू उद्योग को 2020-21 में लाभ हुआ था। 2021-22 में लाभ हानि में बदल गया। 2022-23 में हानियाँ बढ़ीं, परंतु जांच अवधि में कुछ कम हुईं। फिर भी, जांच अवधि में हुई हानियाँ 2021-22 की तुलना में अधिक रहीं। इसके अलावा, घरेलू उद्योग ने हानि अवधि के अधिकांश हिस्से में वित्तीय हानियाँ झेली हैं।

ड. जांच अवधि में घरेलू उद्योग का ब्याज पूर्व लाभ, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर प्रतिफल उल्लेखनीय रूप से नकारात्मक रहा है।

ढ. हानि अवधि के दौरान घरेलू उद्योग का औसत भंडार बढ़ा है।

ण. जांच अवधि और उससे पूर्ववर्ती वर्ष में घरेलू उद्योग की वृद्धि, पूर्व वर्षों की तुलना में विभिन्न मूल्य संबंधित मापदंडों पर नकारात्मक रही है।

त. यह तथ्य कि आयातित वस्तुएँ भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग की लागत से कम कीमत पर प्रवेश कर रही हैं, और घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में उल्लेखनीय गिरावट आई है, यह स्वयं सिद्ध करता है कि निरंतर डंप किए गए आयातों का घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

थ. यूरोपीय संघ और सऊदी अरब से भारत में विषय वस्तुओं का निरंतर डंपिंग जारी है।

108. प्राधिकारी नोट करते हैं कि उत्पाद की निरंतर और तीव्र पाटन के कारण, घरेलू उद्योग को निरंतर क्षति हुई है।

ज. <u>क्षति के जारी रहने या बार-बार होने की संभावना</u>

ज.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

109. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने संभावना के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. प्राधिकारी को यूरोपीय संघ और सऊदी अरब से होने वाले आयात को मिलाकर क्षति की संभावना का आकलन नहीं करना चाहिए, और आयात का आकलन अलग-अलग किया जाना चाहिए, जैसा कि उसने शुरुआती चरण में चीनी ताइपे और संयुक्त अरब अमीरात के साथ किया था।

ii. यूरोपीय संघ से आयात स्थिर रहे हैं, और संबद्ध देशों से आयात की कीमत (सीआईएफ) लगातार बढ़ी है।

iii. यूरोपीय संघ से आयात ऊंची कीमत पर ही रहेंगे क्योंकि मांग-आपूर्ति अंतराल के कारण भारत में आयात ज़रूरी होगा, और निर्यातकों के पास भारत को निर्यात कीमतों को कम करने का कोई प्रोत्साहन नहीं है।

iv. यूरोपीय संघ के निर्यातकों के लिए घरेलू बिक्री, अन्य देशों को निर्यात बिक्री और संबद्ध सामानों की कैप्टिव खपत 98% से ज़्यादा है और जांच की अवधि के दौरान भारत को निर्यात कुल बिक्री का 2% से भी कम है। यह दर्शाता है कि निर्यातकों का भारतीय बाज़ार में निर्यात बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है।

v. पाटनरोधी शुल्क लगने वाले अन्य देशों के आयात का हिस्सा बढ़ा है, जबकि यूरोपीय संघ से संबद्ध सामानों के आयातों का हिस्सा कम हुआ है।

vi. घरेलू उद्योग ने आयात में बढ़ोतरी की संभावना या क्षति की संभावना के बारे में कोई ठोस सूचना नहीं दी है।

vii. क्षति जांच अवधि के दौरान निर्यातकों द्वारा क्षमता में कोई वृद्धि नहीं की गई है।

viii. अगर पाटनरोधी शुल्क खत्म हो जाता है तो निर्यातकों के पास भारत को निर्यात करने के लिए संबद्ध सामान का उत्पादन बढ़ाने के लिए पर्याप्त अतिरिक्त क्षमता नहीं है।

ix. निर्यातकों के घरेलू बाज़ार और अन्य देशों में काफी बिक्री होती है। निर्यातक उत्पाद का इस्तेमाल कैप्टिव खपत के लिए भी करते हैं।

x. संबद्ध देशों से आयात की मात्रा मांग की तुलना में मामूली रूप से बढ़ी है। जबकि असंबद्ध देशों से आयात उस गति से बढ़े हैं जो मांग और घरेलू उद्योग की बिक्री की मात्रा विस्तार दोनों से ज़्यादा हैं।

xi. संबद्ध देशों से आयात भारतीय उत्पादन, मांग और कुल आयातों के मुकाबले कम हुए हैं।

xii. यह दावा कि संबद्ध देशों में अत्यधिक उत्पादन क्षमताएं हैं, गलत है।

xiii. प्राधिकारी को विचाराधीन उत्पाद की वैश्विक क्षमता और मांग के बारे में दावों की सटीकता निर्धारित करनी चाहिए।

xiv. वैश्विक क्षमता घरेलू उद्योग को पाटन और क्षति की संभावना निर्धारित करने के उद्देश्य से संगत नहीं है।

xv. पांच वर्ष बाद शुल्क समाप्त करना एक नियम है और विस्तार एक अपवाद है।

xvi. घरेलू उद्योग का यह तर्क कि उत्पाद की लागत और कीमत में बढ़ोतरी के आधार पर शुल्क बढ़ाना आवश्यक है, गलत है। शुल्क में बढ़ोतरी क्षति मार्जिन में बढ़ोतरी पर आधारित होगी।

xvii. रिकॉर्ड में उपलब्ध आंकड़े शुल्क की बढ़ी हुई मात्रा का समर्थन नहीं करते हैं। यूरोपीय संघ के कम से कम एक बड़े निर्यातक के लिए क्षति मार्जिन नकारात्मक है, और संबद्ध आयातों के संबंध में कोई मौजूदा या भविष्य में होने वाली क्षति नहीं दिखाई गई है।

xviii. यह दावा कि पाटनरोधी नियमावली निर्णायक समीक्षा में शुल्क में संशोधन और वृद्धि की अनुमति देती है, गलत है और जांच के केवल दो ही परिणाम हो सकते हैं, या तो समाप्त करना या जारी रखना।

xix. विचाराधीन उत्पाद 80:20 के आइसोमर कंटेंट वाले टीडीआई तक सीमित है, प्राधिकारी को संभावना विश्लेषण के लिए टीडीआई की समग्र उत्पाद क्षमता को ध्यान में नहीं रखना चाहिए।

xx. तीसरे देश के निर्यात आंकड़े संभावना विश्लेषण के लिए निष्कर्षात्मक नहीं है। यदि तीसरे देश के निर्यात आंकड़े संभावना विश्लेषण के लिए संगत हैं, तो सदारा प्राधिकारी द्वारा मांगे जाने पर उसे देने का वादा करता है।

ज.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

110. घरेलू उद्योग ने संभावना के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. संबद्ध देशों से आयात के प्रभाव के संचयी मूल्यांकन का मुद्दा पहले ही मूल जांच में तय हो चुका है और इस प्रकार, इसे फिर से जांचने की आवश्यकता नहीं हो सकती है। इसके अलावा, केवल विवरणों को छोड़कर, यह बताने के लिए कोई कारण नहीं दिया गया है कि संचयन क्यों उचित नहीं है।

ii. लागू उपायों के बावजूद, संबद्ध देशों से आयात पाटित कीमतों पर आ रहे हैं, जिससे घरेलू उद्योग की लाभप्रदता बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

iii. घरेलू उद्योग को हुई हानियों से यह पता चलता है कि शुल्क लागू होने के बावजूद भी क्षति जारी है।

iv. टीडीआई की वैश्विक क्षमता लगभग 3510 केटी है जबकि वैश्विक मांग केवल लगभग 2400-2500 केटी है।

v. दुनिया भर के उत्पादकों ने बहुत बड़ी क्षमताएं स्थापित की हैं, जो मांग से कहीं अधिक हैं और आगे भी क्षमता विस्तार हो रहा है। इसलिए, कीमतों के संबंध में हमेशा काफी प्रतिस्पर्धा रहती है।

vi. यूरोपीय संघ में क्षमता लगभग 700-800 केटी है और यह वैश्विक टीडीआई क्षमता का 25% है। सदारा केमिकल की क्षमता लगभग 200 केटी है। इन देशों में मांग स्थापित क्षमताओं से कहीं कम है।

vii. यूरोपीय संघ में मांग में लगातार गिरावट देखी गई है और संबद्ध देशों के उत्पादक बेकार क्षमताओं पर काम कर रहे हैं।

viii. मांग में लगातार कमी का प्रमाण भाग लेने वाले निर्यातक, बोर्सोड केमजर्ट के साथ-साथ कोवेस्ट्रो ड्यूचलैंड एजी की घरेलू बिक्री में कमी से मिलता है, जैसा कि निर्यातक प्रश्नावली उत्तर के परिशिष्ट 1 में बताया गया है।

ix. कोवेस्ट्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने हालांकि कोवेस्ट्रो ड्यूचलैंड एजी द्वारा उत्पादित माल को दोबारा नहीं बेचा है, लेकिन भविष्य में आयातक को भारतीय बाजार में उत्पाद को दोबारा बेचने से कुछ भी नहीं रोकता है।

x. कोवेस्ट्रो ड्यूचलैंड एजी ने जांच अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद की कीमत कृत्रिम रूप से बढ़ा दी है।

xi. सऊदी अरब से प्रमुख निर्यातक सदारा ने तीसरे देश के निर्यात के बारे में सूचना नहीं दी है।

xii. संबद्ध देशों से लगातार पाटन पाटनरोधी शुल्क लगाने की आवश्यकता को सिद्ध करती है।

xiii. हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध में कि अन्य देशों से आयात में वृद्धि हुई है, यह स्वीकार किया जाता है कि क्षति चीन और कोरिया से आयात के कारण भी है। हालांकि, प्राधिकारी को यह विचार करने की आवश्यकता है कि क्या संबद्ध देशों से पाटित आयातों से पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में क्षति होने की संभावना है।

xiv. सदारा केमिकल कंपनी ने भी निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर के भाग II में तीसरे देशों को निर्यात के बारे में सूचना नहीं दी है।

xv. कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी की आयात कीमत बोर्सोडकेम ज़र्ट की आयात कीमत से लगातार कम रही है। यह केवल जांच की अवधि में ही था कि कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी ने अपनी कीमतें कृत्रिम रूप से बढ़ाई।

xvi. कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी और कोवेस्ट्रो पॉलीमर्स (चीन) कंपनी, लिमिटेड एक ही ग्रुप का हिस्सा हैं और इसलिए, उनकी कीमतें एक साथ बढ़नी चाहिए। कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी और कोवेस्ट्रो चीन की कीमतों के बीच तुलना से साफ पता चलता है कि कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी की कीमतें ज़्यादा हैं। कोवेस्ट्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी कैप्टिव खपत के लिए उत्पाद खरीदा था। इसे देखते हुए, कोवेस्ट्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कम कीमत पर कोवेस्ट्रो चीन से उत्पाद ले सकता था।

xvii. यह स्पष्ट है कि कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी से आयात कीमत को कृत्रिम रूप से बढ़ाया गया है। उत्पादक को शायद आने वाली निर्णायक समीक्षा के बारे में पता था और उसी के अनुसार उसने कीमतें बढ़ा दीं।

xviii. हालांकि जांच की अवधि में कोवेस्ट्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने कोवेस्ट्रो डॉयचलैंड एजी द्वारा बनाए गए सामान को दोबारा नहीं बेचा है, लेकिन आयातक को भारतीय बाज़ार में उत्पाद को दोबारा बेचने से कोई नहीं रोकता है। आयातक असल में मूल जांच में भारतीय बाज़ार में उत्पाद को दोबारा बेच रहा था।

ज.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

